CMYK

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 08°C
तापमान

सेंसेक्स 73,730.23
निफ्टी 22,337.30

सोना 88,910
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 6 मार्च 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 340 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 5 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।

# केंद्र ने दी केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली/देहरादून। पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थित तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड़ रुपये की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोप-वे परियोजना के निर्माण को मंजूरी मिली है।

इस परियोजना को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोप-वे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (थ्री एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रति दिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगी। रोप-वे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी,

-शेष पृष्ठ दो पर



- राष्ट्रीय रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत केंद्र का फैसला, उत्तराखंड को मिला रोप-वे का तोहफा

## शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को पीएम करेंगे प्रोत्साहित

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (आज) को उत्तरकाशी जनपद में दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे में उत्तराखंड चार धाम शीतकालीन तीर्थाटन, पर्यटन एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे मुखबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पूर्वाह्न 10:30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाइक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों को झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा।

## पशु रोगों के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ के कार्यक्रम को स्वीकृति

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपये की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

## डीआरआई ने किया बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़


नई दिल्ली। राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण अभियान में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें ले जा रही एक महिला यात्री को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर 33 वर्षीया एक भारतीय महिला यात्री को पकड़ा, जो 3 मार्च, 2025 को एमीरेट्स की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच में उसके शरीर में छुपा कर ले जाई जा रही 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं।




# भारत और चीन पर दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया

### प्रभावित होगा भारत का माल व्यापार अधिशेष



वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा है कि चीन और भारत पर दो अप्रैल से उच्च टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण भाषण में टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया। अ

मेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी आयातों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। भाषण के दौरान भारत का जिक्र करते हुए ट्रम्प ने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है। यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा, और कुछ मामलों में, बहुत बड़ा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ उनका उपयोग शुरू करने की हमारी बारी है। अमेरिका पर 'भारी' टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औसतन, यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जितना हम उनसे वसूलते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अनुचित है। हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज्यादा है। उन्होंने घोषणा की कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं बल्कि 2 अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल्स डे' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को, मैं इसे एक अप्रैल बनाना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता था कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में टैरिफ लगाए जाए। यह बहुत ज्यादा पैसा है। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे, वे हम पर जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे, पारस्परिक आगे-पीछे। अगर वे हमें बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम उन्हें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं लगाएंगे।

भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकता है।

अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं। अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, टेलीकॉम उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं। रक्षा उपकरणों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ब्रिक्स देशों द्वारा प्रतिद्वंद्वी मुद्रा बनाने का कोई भी प्रयास ऐसे टैरिफ को जन्म देगा। यह आक्रामक रुख अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को जारी रखने की अमेरिका की नीति को दर्शाता है।

# औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजें अच्छे से होगा उपचार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सीएम ने सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर पार्टी को आड़े हाथों लिया
- कहा: सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिए और उन्हें उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिए, ताकि उनका उपचार हो सके।

विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डा. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डा. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे कि श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है।

## अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज

लखनऊ। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कस दिया है।

लखनऊ के गोमती नगर थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफा लिमिटेड, प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिशन और विनय कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5), 318 (4), 61(2), 352,351(2), 338,336(3), 340(2), 111 और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टु पब्लिक प्रापर्टी एक्ट 1984 की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आपराधिक धाराओं के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अंसल के निदेशक प्रणव अंसल, विकास यादव, महाप्रबंधक अमित शुक्ला और अन्य के खिलाफ गाजियाबाद देहात के डूंडाहेडा थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई है।

## अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होगी और रक्षा बंधन के दिन नौ अगस्त को संपन्न होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां राजभवन में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, डीसी रैना, कैलाश मेहरा साधु, केएन राय, पीतांबर लाल गुप्ता, डा. शैलेश रैना और प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री, श्राइन बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। बोर्ड ने अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के परंपरागत बालटाल दोनों मार्गों से एक साथ शुरू होने वाली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा।

## मायावती ने भाई आनंद को भी किया पद से मुक्त

लखनऊ। पिछले दिनों भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उन्होंने श्री कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से उनकी इच्छानुसार मुक्त कर दिया है। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्री आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

## राहुल गांधी पर 200 रुपये का लगा जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता पर कोर्ट में हाजिर न होने पर लगा अर्थदंड

लखनऊ। उप्र के लखनऊ में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। एसीजेएम कोर्ट ने जुर्माने की रकम वादी के वकील नृपेंद्र पांडेय को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह कार्रवाई राहुल गांधी के व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर की है। एसीजेएम कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही वार्निंग दी गई है कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। जिसकी सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में चल रही है, हालांकि सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट ने 200 रुपये का जुर्माना लगाया।

## तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण



नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किए। ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में आएगा बड़ा बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सूचना के आदान-प्रदान के लिए डैशबोर्ड, एकीकृत सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचा तैयार करेगा चुनाव आयोग

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की सुविधा के अनुकूल एक डैशबोर्ड (गतिमान विस्तृत-सूचना पट्टिका) के साथ एक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधारित एक मजबूत एकीकृत व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है।

सम्मेलन में तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। आयोग द्वारा सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) के यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में इस योजना का निर्णय किया गया। दिन की बैठक की समाप्ति पर बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन के निर्णयों और मौजूदा वैधानिक ढांचे और समय-समय पर जारी किए गए चुनाव आयोग के निर्देशों के



अनुसार (चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में) पहचाने गए 28 हितधारकों में से प्रत्येक के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। विज्ञप्ति के अनुसार क्षमता निर्माण के लिए एक आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रत्येक हितधारक के लिए एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा, जो उनसे संबंधित चुनावों के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करेगा। इस वीडियो के माध्यम से प्रत्येक हितधारक अपने काम के बारे में निरंतर सीख ले सकेगा। बयान में कहा गया है कि चुनावों में प्रणाली को दक्ष बनाने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और विश्वास के अनुरूप विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक समुचित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी तैयार की जाएगी। सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म भूमिका-आधारित पहुंच के साथ सूचना के इनपुट और आउटपुट प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। आयोग ने कहा कि इससे पदाधिकारियों के बीच सुचारू रूप से संवाद-सम्पर्क होगा और मानवीय त्रुटि की संभानाएं कम होंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटो कापी से लगाया करोड़ों का चूना

**नई दिल्ली।** फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी का इस्तेमाल कर डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। धंधे में शामिल लोग डाक राशि का भुगतान किए बिना ही नकली फ्रैंकिंग इंप्रेशन स्लीप लगाकर खेप बुक करते थे। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है। मूल्य देय डाक (वीपीपी) भारतीय डाक सेवाओं द्वारा दी जाने वाली एक सेवा है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सामान प्राप्त करने वाला व्यक्ति सामान प्राप्त करने के बाद ही उसके मूल्य का भुगतान करता है। मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्रा. लिमिटेड और उसके निदेशकों ने डाक विभाग के माध्यम से उनके द्वारा भेजे गए वास्तविक पार्सल को छिपाने के लिए, मूल फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी को फिक्स कर, उस अवधि के दौरान कंपनी की बिक्री/कारोबार को काफी कम बताया। उक्त अपराध को अंजाम देकर मेसर्स प्रिशा पर्ल्स ने डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा दिया। ईडी ने मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए हुमायूं नगर उप-डाकघर के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

### बारामूला में पुलिस चौकी पर हमला कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार रात एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया। हमले में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि चार मार्च को रात करीब 9.20 बजे बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस दलों ने सहयोगी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस चौकी की पिछली दीवार के बाहर से ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था। ग्रेनेड ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के अंदर गिरा और उसमें जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### सपा नेता अबू आजमी विस के बजट सत्र के अंत तक निलंबित

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी नेता एवं विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र के अंत तक निलंबित कर दिया गया। महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 26 मार्च को समाप्त होगा। राज्य के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को निचले सदन में आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया था। सदस्यों ने तर्क दिया कि औरंगजेब की प्रशंसा करना मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। प्रस्ताव को ध्वनि मत से मंजूरी दी गई। आजमी ने हालांकि टिप्पणी करने के बाद इसके लिए माफी मांगी थी। मुंबई और ठाणे में उनके खिलाफ कई प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

# यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर: परवेश

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जल मंत्री ने यमुना सफाई अभियान का निरीक्षण किया

दिल्ली के जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने बुधवार को कहा कि यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर है और तीन साल में यमुना के पानी का रंग बदकर दिखायेंगे।

सिंह ने बुधवार को यमुना की सफाई अभियान का निरीक्षण किया और दावा किया कि जल्द ही यमुना नदी में बदलाव देखने को मिलेगा और तीन साल में इसके पानी के रंग को बदलकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यमुना में गिरने वाले सारे नालों के ऊपर लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता को बढ़ाया जाएगा और नए एसटीपी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार को यमुना सफाई की कभी चिंता नहीं थी। उनका काम केवल अपने काम के लिए दूसरे को जिम्मेदार ठहराने का रहा है। दिल्ली सरकार के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय भी यमुना की सफाई पर चिंता और निगरानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कभी यमुना की चिंता नहीं थी, केवल राजनीति करते थे। उनका पूरा जोर अब पंजाब में अपनी सरकार बचाने पर है। अब वह राज्यसभा से आते हैं या पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने कितने पाप किए वे धीरे धीरे खुलेगें। दिल्ली वालों के टैक्स की चोरी हुई। जिस प्रोजेक्ट को एक साल में पूरा होना था उसे पूरा होने में तीन साल लग गए जिसे पैसे का नुकसान हुआ।

# आईआरएफसी अब बनेगा 'महारत्न': सीएमडी मनोज दुबे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सीएमडी ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, कहा- अब कंपनी में काम करने की अधिक आजादी मिली

केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में नवरत्न का दर्जा प्राप्त भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने अब एक साल के भीतर महारत्न की श्रेणी में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया है।

आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज दुबे ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कंपनी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कंपनी को काम करने की अधिक स्वायत्तता मिल गई है। अब आईआरएफसी रेलवे के ईकोसिस्टम में योगदान करने वाली किसी भी परियोजना का वित्तपोषण करेगी और ज़ीरो एनपीए की शर्त पर सस्ता ऋण मुहैया कराएगी। इनमें रेलवे को आपूर्ति करने वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं, रेलवे को उपकरण, लॉजिस्टिक सेवा आदि प्रदान करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। दुबे ने कहा कि नवरत्न बनने के बाद अब हमारा लक्ष्य महारत्न कंपनी बनना है। संभवत: अगले वर्ष ही हम उन मानकों को पूरा कर लेंगे, जो महारत्न की श्रेणी के लिए जरूरी हैं। एक प्रश्न के उत्तर में दुबे ने कहा कि नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना आईआरएफसी की वित्तीय मजबूती और भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रतिलबब है। यह मान्यता हमें अपनी क्षमताओं का और अधिक विस्तार करने और राष्ट्र के विकास में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। दुबे ने कहा कि हम पूंजी-गहन रेलवे परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक लागत प्रभावी वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरा रेलवे इकोसिस्टम पूंजीगत व्यय (केपेक्स) में वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, जो माल बुलाई और यात्री आवागमन दोनों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की मांग को पूरा कर रहा है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, आईआरएफसी बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए संसाधन जुटाने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 तक 26 हजार 600 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व और 6400 करोड़ रुपए से अधिक के कर-पश्चात लाभ के साथ, आईआरएफसी प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां के मामले में भारत में तीसरा सबसे बड़ा सरकारी एनबीएफसी चुका है। आईआरएफसी की स्थापना 12 दिसंबर, 1986 को एक शत-प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के रूप में की गई थी और इसने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षों में, यह एक प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में विक. सित हुआ है, जिसे 1993 में कंपनी अधि. नियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के रूप में, 1998 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में और बाद में 2010 में एक एनबीएफसी-इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी-आईएफसी) के रूप में पंजीकृत किया गया। मार्च 2018 में, इसे मिनी-रख श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया। कंपनी को जनवरी 2021 में 26 रुपए के आईपीओ मूल्य पर स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया था, जो अब बढ़कर लगभग 115 रुपए हो गया है। आईआरएफसी ने भारतीय रेलवे के लगभग 80 प्रतिशत रोलिंग स्टॉक के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: योगी

# युवाओं को देंगे रोजगारपरक शिक्षा: सीएम

**लखनऊ, वार्ता**



■ शिक्षा और स्वास्थ्य मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक
■ विद्यालयों में सुविधाओं को दो हजार करोड़ की व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं और बजट प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। योगी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक माना जाता है और सरकार इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत 580 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल से जोड़ने के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स को बढ़ावा देने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वाराणसी और आगरा में साइंस सिटी और नक्षत्रशाला की स्थापना के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्एक जिले की विशेषताओं और संभावनाओं के अनुरूप रोजगार सृजन की दिशा में कार्य कर रही है।

इसी कड़ी में हर जनपद में 100 एकड़ क्षेत्र में एक विशेष 'आर्थिक ज़ोन' विकसित करने के लिए धनरा. शि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, 10 संत कबीर वस्त्र उद्योग पार्क और दो संत रविदास लेदर पार्क स्थापित किए जाएंगे।

### उप्र विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल को स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 18 फरवरी से शुरु हुआ विधानसभा का बजट सत्र दस कार्य दिवसों में संपन्न हुआ जिसमें सदन की कार्यवाही 73 घंटा 19 मिनट चली। इस दौरान किन्ही कारणों से तीन घंटा 36 मिनट सभा स्थगित रही जबकि 69 घंटा 43 मिनट सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सरकार ने 20 फरवरी को आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा और सत्र के अंतिम दिन बुधवार को बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। सत्र के दौरान 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी सदस्यों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था।

### नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा: शिवपाल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी महंगाई, बेरा. ेजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। विधानभवन में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर उन्होंने कि सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है। इनका काम ही नाम बदलना है। इन्हें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है। उन्होंने कहा कि संभल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी। श्री यादव ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में एक्स पर पोस्ट किया- विधानसभा में 'चाचा-चाचा' की गूंज दिन-रात, न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात। जनता देख रही ये खेल निराला, मुद्दों से भागने का अंदाज़ निराला। सत्ता की कुर्सी मिली तो धर्म का सहारा, पर काम के नाम पर बस जुमलों का पसारा। चाचा कहकर सियासत चमकाते रहोगे, या कभी प्रदेश का हाल भी बताओगे।

# इग्नू समारोह में तीन लाख से ज्यादा डिग्री व डिप्लोमा दिए

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 58 देशों में सबसे बड़ा विवि है इग्नू: प्रधान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व. विद्यालय (इग्नू) ने बुधवार को 38वां दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को तीन लाख से अधिक डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और इग्नू बिरादरी को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 1985 में स्थापना के बाद से, इग्नू ने शिक्षा को किफायती, लचीला और समावेशी बनाकर इसमें क्रांति ला दी है। 35 लाख से अधिक शिक्षार्थियों और 58 देशों में एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ, इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जो यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा हाशिए के समुदायों सहित सभी तक पहुंचे। इसकी उत्कृष्टता एनआईआरएफ 2024 में ओपन यूनिवर्सिटीज में इसकी शीर्ष रैंकिंग में परिलक्षित होती है।यी प्रधान ने नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में इग्नू की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसमें कामकाजी पेशेवरों, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, जेल के कैदियों और रक्षा कर्मियों के लिए अनुकूलित विविध कार्यक्रम हैं। भारत के जनसांख्यिकीय पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दूरस्थ रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल लर्निंग जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण पहल सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते डिजिटल शिक्षा का विस्तार करना चाहिए, वैश्विक सहयोग को मजबूत करना चाहिए और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# अमेरिकी टैरिफ में राहत के संकेत से बाजार गुलजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ में राहत दिए जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज की घोषणा से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.30 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,730.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.66 प्रतिशत उछलकर 39,751.73 अंक और स्मॉलकैप 2. 80 की बढ़ोतरी लेकर 44,538.20 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों मं कारोबार हुआ, जिनमें से 3247 में तेजी जबकि 768 में गिरावट रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां हरे जबकि अन्य चार लाल निशान पर बंद रहीं। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रम्प सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रम्प प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 15 अंक बढ़कर 73,005.37 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,894.05 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अमृतसर में 23 किलो हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने जंडियाला के देवी दासपुरा गांव से 23 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह खेप अमेरिका स्थित तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लक्की द्वारा संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है। इस मामले में, खेप को मंगाने वाले देवी दासपुरा गांव के आरोपी साहिलप्रीत सिंह उर्फ करण को नामजद किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। डीजीपी ने बताया कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े और लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। डीआईजी बॉर्डर रेंज सतिंदर सिंह ने एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नाकाबंदी में पुलिस टीमों को एक विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि आरोपी साहिलप्रीत ने सीमा पार से हेरोइन की खेप मंगाई है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4635 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी:** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300- 7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8200-8300 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300- 4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केंद्र सरकार...** क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग आठ से नौ घंटे से घटाकर लगभग 36 मिनट कर देगी। रोप-वे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोप-वे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय किया जाता है। प्रस्तावित रोप-वे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर साल में अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवम्बर) तक लगभग छह से सात महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

# महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का करती है प्रदर्शन

**मुंबई, वार्ता**

■ 3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया

महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करती हैं और अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र रूप से व्यवसाय का संचालन करती है। आज जारी नियोग्रोथ के नवीनतम नियोइनसाइट्स अध्ययन से पता चला है कि महिला व्यवसाय मालिकों का प्रभाव व्यवसाय की सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है, क्योंकि उनके उद्यमों ने व्यक्तिगत सशक्तिकरण, परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दिया है और समुदाय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है।

3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया। 'भारत में महिला व्यवसाय स्वामियों की उद्यमशीलता की भावना' विषय पर किए गए इस सर्वेक्षण ने इस तरह की उद्यमशीलता की यात्राओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की और उनकी प्रेरणाओं, चुनौतियों और महत्वाकांक्षाओं की जांच की, जबकि कई स्तरों पर उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव पर जोर दिया गया। लगभग 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अपने व्यवसायों के आधार पर अपने और अपने परिवारों के लिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, 61 प्रतिशत ने बताया कि उनके परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, जबकि 54 प्रतिशत ने आत्मविश्वास और वित्तीय आत्मनिर्भरता में वृद्धि की बात कही। महिला उद्यमियों ने अपने समुदायों को भी प्रभावित किया, 67 प्रतिशत ने अन्य महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में सशक्त बनाया, 50प्रतिशत ने कर्मचारियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया, और 47प्रतिशत युवा लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए रोल मॉडल बनाया। 70 प्रतिशत महिला व्यवसाय मालिक स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के आधार पर व्यवसाय शुरू करती हैं। भारतीय महिला व्यवसाय मालिकों की उद्यमशीलता की यात्रा काफी हद तक स्व-प्रेरित है, जिसमें 70 प्रतिशत ने स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के परिणामस्वरूप अपना व्यवसाय शुरू किया। शेष उत्तरदाताओं को उनके जीवनसाथी और परिवार के सदस्यों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इसने अवसर-संचालित उद्यमशीलता की ओर एक मजबूत बदलाव को उजागर किया। क्योंकि महिलाएँ अपनी व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित थीं। भारत में महिलाएं उद्यमिता को सशक्तिकरण और वित्तीय स्वतंत्रता के मार्ग के रूप में देख रही हैं। लगभग 66प्रतिशत ने अपने उद्यम को कैरियर के अनुभव और महत्वाकांक्षा, या वित्तीय स्वतंत्रता और उद्देश्य की एक मजबूत भावना के आधार पर शुरू किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गड्ढा मुक्त होंगी दिल्ली की सड़कें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) 30 अप्रैल तक अपने अधिकार क्षेत्र में आने वालीं सड़कों के 7,000 गड्ढे भरेगा। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में निर्देश जारी किया है। गत 21 फरवरी को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली मंत्रिपरिषद के समक्ष इस बारे में एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया था। इस प्रेजेंटेशन में विभिन्न निविदाओं को आमंत्रित करने और काम शुरू करने के लिए कुछ समय सीमाएं निर्धारित की गई थीं, इसलिए सभी संबंधित अधिकारियों को इन समयसीमाओं का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विभाग के अधिकारी ने कहा कि रखरखाव वैन का उपयोग करके गड्ढे भरे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत की आवश्यकता वाले 20 लाख वर्ग मीटर सड़क पैच की पहचान की है। इन मरम्मतों के लिए निविदा प्रक्रिया 15 मार्च तक पूरी होने की उम्मीद है, साथ ही पूरा होने का लक्ष्य 30 अप्रैल निर्धारित किया गया है। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों की कथित खराब स्थिति एक बड़ा मुद्दा थी।

दिल्ली की सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश वर्मा ने पीरागढ़ी चौक से टिकरी बार्डर तक 13.23 किमी लंबे दिल्ली-रोहतक रोड (एनएच-10) को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस महत्वपूर्ण फैसले को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सैद्धांतिक रूप से सहमति दे चुके हैं, जिससे इस महत्वपूर्ण मार्ग को हाईवे में बदलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्तमान में दिल्ली सरकार के हिस्से वाली इस सड़क ही हालत कई जगहों पर बेहद खराब है। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देकर एनएचएआई को सौंपने के लिए आगे बढ़ा दिया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री वर्मा ने कहा कि यह कदम मोदी सरकार के विभिन्न राज्यों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने और निर्बाध यात्रा एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की सैद्धांतिक सहमति के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने से जनता को लाभ मिलेगा।

# यमुना नदी का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री प्रवेश वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी की सफाई को लेकर दिल्ली सरकार ने मिशन मोड पर काम शुरू किया हुआ है। नदी की सफाई के लिए मशीनें लगाई गई हैं। इस बीच दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने यमुना की सफाई का निरीक्षण किया। नाव में सवार होकर उन्होंने नदी का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से चर्चा भी की। इस बारे में जानकारी देते हुए मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज यमुना सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ छठ घाट और ओखला बैराज तक यमुना की सफाई का निरीक्षण किया।

वहीं, दिल्ली सरकार यमुना की सफाई के साथ टूरिज्म को बढ़ाने का प्लान भी बना रही है। सरकार यमुना में फेरी और क्रूज सर्विस शुरू करने की योजना बनाई है। जो यमुना नदी के लगभग 7-8 किलोमीटर के हिस्से में चलेगी। सोनिया विहार और जगतपुर के बीच यमुना में फेरी और क्रूज सर्विस शुरू होगी। दिल्ली में यमुना की सफाई भाजपा का एक प्रमुख वादा रहा है। नदी में अक्सर कुछ इलाकों में जहरीला झाग निकलता रहता है। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप को देखने को मिले। दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा, जैसा कि मैं चुनाव प्रचार के दौरान कह रहा था, दिल्ली में हारने के बाद अरविंद केजरीवाल पंजाब भाग जाएंगे। अब वहां उनकी सरकार है, वह उसे बचाना चाहते हैं। अब वह राज्यसभा सांसद बनेंगे या पंजाब के सीएम, यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा।

# मेले में शराब पीकर युवक से झगड़ा, पीटकर मार डाला, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित रिशु को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद से ही आरोपी गिरफ्तारी से बच रहा था, गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बार-बार अपना पता और स्थान बदल रहा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 11 अक्तूबर महीने में शिकायतकर्ता गुडिया देवी अपने पति अजय, देवर रंजीत और मौसी के बेटे मनीष के साथ नजफगढ़ रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में मेले में गई थीं। भारी भीड़ के बीच रंजीत का एक अज्ञात लडके से झगड़ा हो गया जो मारपीट में बदल गया। लडके के दोस्त भी जल्द ही इसमें शामिल हो गए और रंजीत पर हमला करना शुरू कर दिया। जब अजय बीच-बचाव करने के लिए बीच में आया तो उन्होंने उस पर अपना गुस्सा निकाला और उसे तब तक बुरी तरह पीटा जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। अजय के पेट में गंभीर चोटें आईं और उसे पहले रोजवुड अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसके परिवार ने उसे दिल्ली गेट स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उसे आरटीआरएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। 12 अक्तूबर को इलाज के दौरान अंदरूनी चोटों के कारण अजय की मौत हो गई गुडिया देवी की शिकायत पर थाना नजफगढ़ में मामला दर्ज किया गया। हेड कांस्टेबल प्रशांत और परमजीत की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी नरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर गुलशन यादव के निर्देशन में आरोपी को टुडा मंडी, नजफगढ़ इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि वारदात वाले दिन वह और उसके दोस्त मुकुल, राजेश, सागर, विष्णु और कपिल दिल्ली के नजफगढ़ रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में लगे मेले में गए थे, जहाँ उन्होंने शराब पी थी। मेले में उनका किसी दूसरे व्यक्ति से झगड़ा हो गया। नशे की हालत में उन्होंने उस व्यक्ति को कड़ा सबक सिखाने का फैसला किया।

## एक नजर

### सद्भावना के लिए संतों की राष्ट्रीय समिति का गठन




**नई दिल्ली।** अहिंसा विश्व भारती द्वारा नव निर्मित विश्व शांति केंद्र के उदघाटन समारोह के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिती में विश्व में शांति व सद्भावना की स्थापना करने के लिए संतों की राष्ट्रीय समिति गठन करने का निर्णय लिया गया द्य प्रख्यात कथावाचक श्री मोरारी बापू जी ने यह प्रस्ताव रखा कि विश्व शांति व सद्भावना के लिए अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश जी की अध्यक्षता में संतों की राष्ट्रीय समिति का गठन किया जाए जिसका अनुमोदन आर्ट ऑफ लिविंग से संस्थापक श्री श्री रवि शंकर जी ने किया द्य श्री बापू ने कहा कि कमेटी विश्व शांति के साथ भारत में गृह शांति व सद्भावना के लिए भी कार्यरत रहेगी। आचार्यश्री लोकेश जी ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुये कहा कि श्री मोरारी बापू जी एवं श्री श्री रवि शंकर जी के मार्गदर्शन में कमेटी में भारत के विभिन्न संतों को इस समिति एवं मार्गदर्शन मण्डल में शामिल किया जाएगा, मैं तो एक गिलहरी की तरह इसमे अपना योगदान दूंगा द्य

### 40वां मोतियाबिन्द सर्जरी शिविर आयोजित



**नई दिल्ली।** संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के मार्गदर्शन में सावन कृपाल रूहानी मिशन मोतियाबिन्द के कारण से होने वाले अंधेपन को खत्म करने की दिशा में साल में दो बार मुफ्त आँखों की जाँच और मोतियाबिन्द सर्जरी शिविरों का आयोजन करता है ताकि उन लोगों की आँखों की रोशनी फिर से वापिस लाई जा सके, जो इसके ऑपरेशन का खर्च उठा नहीं सकते। इस नेक कार्य को साकार करने के लिए इस गैर-लाभकारी आध्यात्मिक मिशन ने नौएडा के आईसीएआरई आँखों के अस्पताल के साथ साझेदारी की है ताकि मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिन्द सर्जरी की जा सके। ये सर्जरी आईसीएआरई अस्पताल के डॉक्टरों के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका से आए आँखों के विशेषज्ञों द्वारा की जाती है, जो निस्वार्थ सेवा की भावना से मरीजों को अपनी सेवा मुफ्त में प्रदान करते हैं। 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के दौरान मिशन की ओर से 40वां नि:शुल्क नेत्र जाँच और मोतियाबिन्द सर्जरी शिविर संत दर्शन सिंह जी धाम और कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया।

### सियोवुश गुलमामेडोव फाइटर खिताब जीता



**नई दिल्ली।** विश्व के सबसे खतरनाक खेलों में से एक मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के प्रतिष्ठित एमएफएन 16 टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली के सूरी फोर्ट स्पोर्ट्स क्लब में किया गया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में यूपी बुलंदशहर गाऊ मीरपुर जरारा के रहने वाले है दुष्यंत सिंह के पिता जगबीर सिंह का कहना है कि मे एक न एक दिन पूरे विश्व में नाम रोशन करेगा। हमें पूर्ण विश्वास है। करनाल पहुंचे उत्तर प्रदेश के दुष्यंत सिंह की फाइटर बनने की कहानी काफी रोचक है। उन्होंने खेल कोटे से सरकारी नौकरी की तमन्ना लेकर कुश्ती के अखाड़े में कदम रखा। कुश्ती में मेडल जीता, लेकिन नौकरी नहीं मिली। इसके बाद दुष्यंत ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट में एमएफएन फाइटिंग का रास्ता चुना। सरकारी नौकरी पाने के लिए शुरू की थी रेसलिंग दुष्यंत खेल कोटे से सरकारी नौकरी हासिल करने का सपना लेकर कुश्ती के अखाड़े में जी-तोड़ मेहनत करते रहे। अपनी काबिलियत को साबित करने के लिए उसने कुश्तियां भी लड़ी। वर्ष-2008 में उसने रेसलिंग शुरू की थी।




दिल्ली विश्वविद्यालय के अलीपुर स्थित स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'श्रद्धा तरंग' में समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए।

# युवाओं के सहयोग से दिल्ली को बनाएंगे नशामुक्तः रविन्द्र इंद्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अलीपुर स्थित स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'श्रद्धा तरंग' में बुधवार को समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिँह ने बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

इंद्राज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा की देश की दिशा, युवा निर्धारित करते हैं। आप सभी दिल्ली को बेहतर बनाने और श्विकसित भारत-विकसित दिल्लीश संकल्प को पूरा करने के लिए सुझाव दें। दिल्ली को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य युवाओं के सहयोग से ही पूरा हो सकता है। स्वामी श्रद्धानंद को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए इंद्राज ने कहा की स्वामी जी का कहना था की देश को श्सेवकों की जरुरत है, नेताओं की नहीं।श्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार इसी मूलमंत्र के साथ कार्य कर रही है। इंद्राज ने कहा की आज कॉलेज के इस कार्यक्रम में आकर उन्हें जो दिव्य अनुभूति हो रही है उसे शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। इस कॉलेज की आधारशिला रखने वालों में मेरे पिता भी शामिल रहे।इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण गर्ग, प्रशास. निक अधिकारी डॉ. डी वी भारद्वाज और संयोजक प्रतिभा राणा ने इंद्राज का स्वागत किया और उनके संकल्प नशामुक्त दिल्ली-उज्जवल भविष्यश के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

### दो बार विधायक रहे बग्गा का निधन

**नई दिल्ली।** कृष्णानगर विधानसभा सीट से दो बार के विधायक रहे एसके बग्गा का निधन हो गया। वह पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। सांस समेत कई बीमारियों की चपेट में थे। बग्गा ने पहली महिला आईपीएस रही किरण बेदी को चुनाव में हराया था। कृष्णा नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र उत्तर भारत में दिल्ली के सत्तर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है।

### पांच घंटे चलाया रात्रि गश्त अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रात 9 बजे से 2 बजे तक रात्रि गश्त के तहत सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान राजधानी में जगह-जगह बैरिकेड लगाकर जांच-पड़ताल की गई। हालांकि इससे आनंद विहार जैसी कुछ जगहों पर रात 11 बजे भी जाम की स्थिति बन गई। अभियान के दौरान दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी भी सड़कों उतरे। इस दौरान दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने मौके पर जाकर अधिकारियों से मुलाकात की और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। रात्रि गश्त अभियान को लेकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय त्यागी ने बताया कि गश्त का उद्देश्य क्षेत्र पर नियंत्रण करना और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करना है। हम दिल्ली की जनता में सुरक्षा की भावना भी पैदा करना चाहते हैं ।

# पत्रकारों को सहूलियत देने को विधनसभा अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की कवरिंग के समय व अन्य अवसरों पर मान्यता प्राप्त डीआईपी, पीआईबी व गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को हो रही परेशानियों के समाधान के लिए इंडियन मीडिया वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव निशाना और सैक्रेटरी विजय शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। गुप्ता को दिए ज्ञापन में कुल छह बिन्दुओं को दर्शाया गया है, जिसमें डीआईपी व पीआईबी कार्डधारकों को सीधे विधानसभा परिसर में प्रवेश दिया जाए, जगह जगह होने वाली एंट्री सिस्टम को बंद किया जाए, जबकि



डीआईपी व पीआईबी कार्डधारकों के संस्थानो के गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही एंट्री करके प्रवेश दिया जाए। पत्रकारों के दोपहिया व चार पहिया वाहनों को विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए मीडिया स्टीकर दिए जाए। विधानसभा सत्र के दौरान कवरिंग करने आए पत्रकार बंधुओं के लिए मीडिया रुम का आकार बढ़ाया जाए व उनके कैमरे, मोबाइल फोन आदि कीमती सामान को सुरक्षित रखने हेतू लॉकर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, साथ ही मीडिया रुम का स्थान बढ़ाने पर तीन टीवी स्क्रीन लगाई जाएं, जिससे की पत्रकार बंधु आराम से कारवाई देख सके। विधानसभा की सदन में जाकर कवरिंग करने वाले पत्रकारों के लिए दो तिहाई स्थान को आरक्षित किया जाए और बाकी स्थान पर दर्शक दीर्घा निर्धारित किया जाए। सचिव विजय शर्मा ने बताया, कि माननीय विधानसभा सभा अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता ने आश्वासन दिया, कि जल्द ही इन सभी परेशानियों पर ध्यान दिया जाएगा और इन समस्याओ का समाधान किया जाएगा।

### डिपोर्टीज के लिए पीएलपीबी की विशेष पहल

**नई दिल्ली।** अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीय नागरिकों, खासकर पंजाबियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पीएलपीबी के मैनेजिंग डायरेक्टर लोहित बंसल ने एक विशेष पहल की शुरुआत की है। इस प्रयास से डिपोर्ट किए गए लोग पंजाब में फिर से अपनी जिंदगी बसा सकेंगे। 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन और इंस्टाग्राम पर 'मेक इन पंजाब यूनाइटेड' अभियान की घोषणा की है। यह अभियान विकास, इनोवेशन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। लोहित बंसल ने इंस्टाग्राम और लिंक्डइन पर अपने उद्देश्य को साझा करते हुए कहा है, हमारे लोग बड़े सपनों के साथ पंजाब से बाहर गए थे, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें वापस लाकर खड़ा कर दिया।

# वीर हनुमान महागाथा की प्रस्तुति 11 मार्च से

**नई दिल्ली।** सोनी सब दर्शकों के लिए भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित एक अनोखी प्रस्तुति लेकर आ रहा है ख्र ष्वीर हनुमानष, जिसमें युवा मारुति के कम ज्ञात सफर को दर्शाया गया है। स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित आस्था और भक्ति से परिपूर्ण यह शो 11 मार्च से शुरू होगा और हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह शो हनुमान जी के बचपन और उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अद्भुत कथा और समृद्ध कहानी कहने की शैली के माध्यम से, यह शो भारत के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक, हनुमान, को नई पीढ़ी के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। बाल हनुमान की भूमिका में आन तिवारी नजर आएंगे, जबकि सायली सालुंखे अंजनी की भूमिका निभाएंगी। आरव चौधरी केसरी के रूप में दिखेंगे और माहिर पांधी बाली एवं सुग्रीव के प्रभावशाली दोहरे किरदार में नजर आएंगे।



### प्रेमिका से शादी न होने पर फांसी लगाकर जान दी

**नजीबाबाद।** एक युवक द्वारा प्रे. मिका से शादी न होने से परेशान होकर अपने गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंडावली क्षेत्र के ग्राम कांठपुर में अमित (22 वर्ष) पुत्र राकेश ने कल शाम अपने घर के कमरे में छत में लगे लोहे के कुंडे में कपड़े से अपने गले में फंदा लगा लिया। परि. जनों ने जब युवक को वहां फंदे से लटका देखा तो वह तुरंत उसे वहां से उतार कर उपचार के लिए ग्राम के एक चिकित्सक के पास ले गए।

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद'**
**योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैः**

क) **कुल सात (07) स्टॉलः** दिल्ली, गाजियाबाद, समालखा, सोनीपत, मेरठ कैंट, बहादुरगढ़ और गुड़गाँव स्टेशनों पर।

ख) **कुल छब्बीस (26) ट्रालीः** आनंद विहार टर्मिनल, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद फरीदाबाद, जाखल, जींद, मानसा, नरवाना, टोहाना, खतौली, मुरादनगर, नरेला, ओखला, पालम, सकोटी टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- गाजियाबाद, समालखा, सोनीपत, गुड़गांव, बहादुरगढ़ और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर **ट्रॉली** स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (बादली, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, जाखल, जींद, मानसा, नरवाना, टोहाना, मुरादनगर, खतौली, ओखला, शामली, टपरी, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकोटी टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैः-

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) /राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित /पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 11.03.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 715/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### भजनों से कार्यक्रम स्थल बना बजरंग मय

**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान एवं बाबा नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक बाबा रामदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजनों से कार्यक्रम स्थल को बजरंग मय बना दिया। बाबा नीब करौरी कृपा कुंज पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। दीपेश जैन, गौरव गुप्ता, शिवानी गुप्ता, अनुपम अग्रवाल, परी अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, सत्यम गुप्ता, नीरज पंवार, विकास वशिष्ठ, कान्हा शर्मा, प्रदीप शर्मा एवं धामपुर के अनेक गणमान्य नागरिकों को भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं उनके अनन्य भक्त वीर बजरंगबली हनुमान जी महाराज के जयकारों के बीच विशेष सम्मान दिया गया।

### टाइल्स गिरने से कार का शीशा टूटा

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी की कार मौहल्ला हवेलीतला स्थित नदीम के दुमंजिला मकान के नीचे खड़ी थी। अचानक ही ऊपरी मंजिल की टाइल्स उखड़ कर नीचे खड़ी कार पर गिरने से कार का अगला शीशा पूरी तरह से टूटकर चकनाचूर हो गया, जिससे पत्रकार का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। कार के शीशे पर गिरी टाइल्स की आवाज सुनकर आसपास के घरों के लोग बाहर निकल गए तथा वहां खेल रहे बच्चे सहम गए।

### सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। मोहल्ला बाडवान स्थित डालचंद सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। हनुमत डटे रहो आसन पर जब तक कथा राम की हो यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# हाई कोर्ट पहुंचे यात्री

**नई दिल्ली।** 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर दायर लंबित जनहित याचिका में हस्तक्षेप की मांग करने वाले विभिन्न यात्रियों की द्वारा दायर एक आवेदन पर विचार करने से दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि सार्वजनिक कर्तव्य निभाने में विफलता हुई है, लेकिन इसके लिए याचिका दायर करके नुकसान का दावा नहीं कर सकता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

**फॉर्म-जी (तिथि बढ़ाई गई)**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु आमंत्रण**
**आर्मेक्स हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड**
**मुंबई और फरीदाबाद में हेल्थकेयर में कार्यरत**
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के अधीन)

| | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | पैन / सीआईएन / एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | आर्मेक्स हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड ( सीआईआर पी के तहत ) सीआईएन : U85190MH2007PTC173326 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | यूनिट नं. 712, 7 वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नं. 1, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400005 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | armaxhealth.co.in |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों काबहुमत स्थित है | लागू नहीं |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता | लागू नहीं |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों / सेवाओं की मात्रा और मूल्य | लागू नहीं |
| 7. | कर्मचारियों / वर्कमैन की संख्या | शून्य |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं:- | ईमेल अनुरोध इस पते पर भेजा जाना चाहिए: cirparmax@gmail.com |
| 9. | संहिता की धारा 25 ( 2 ) (एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | ईमेल अनुरोध इस पते पर भेजा जाना चाहिए: armaxhealth.co.in and cirparmax@gmail.com |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 14-02-2025 (मूल) 12-03-2025 (विस्तारित) |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 15-02-2025 (मूल) 13-03-2025 (विस्तारित) |
| 12. | अंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20-02-2025 (मूल) 18-03-2025 (विस्तारित) |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 21-02-2025 (मूल) 19-03-2025 (विस्तारित) |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 21-02-2025 (मूल) 19-03-2025 (विस्तारित) |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 28-03-2025(मूल) 18-04-2025 (विस्तारित) |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | cirparmax@gmail.com |

6 मार्च, 2025
मुंबई

हस्ता/-
**राकेश बोथरा**
IBBI/IPA-001/IP-P-01758/2019-2020/12675
119-ए, प्रथम तल, विनय भव्य कॉम्प्लेक्स, 159, सी एस टी रोड, कलिना, सांताक्रूज ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, 400098
"आर्मेक्स हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड हेतु

# रॉयल कॉलेज में जिला जज ने निःशुल्क विधिक सहायता पर दिया जोर



**गाजियाबाद।** रॉयल कालेज ऑफ लॉ, डासना गाजियाबाद एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के सौजन्य से अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर षनिःशुल्क विधिक सहायता एवं साक्षारता शिविरष का आयोजन बहुत ही प्रभावी ढंग से किया गया। इस शि. विर में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अतिरिक्त जिला जज कुमार मिताक्षर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होने अपने भाषण में भारतीय संविधान में प्रदत्त निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकार एवं नालसा, सालसा और डालसा द्वारा प्रदान की जा रही विधिक सेवाओं के साथ-साथ पाक्सो एक्ट के उपबन्धो से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के चौयरमेन विजय अग्रवाल जी ने समस्त अतिथियों को एक पौधा देकर सम्मानित किया और अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जिसमें उन्होने बताया कि रॉयल कालेज ऑफ लॉ, जिला न्यायालय के सहयोग से निरन्तर इस तरह के कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित करके विधिक शिक्षा का अलख जगा रहा है और आगे भी जगाता रहेगा।

उसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डा० टीना गर्ग ने अपने भाषण में महाविद्यालय के सराहनीय कार्यो, विभिन्न कोर्सों, जो कि महाविद्यालय संचालित कर रहा है उसकी उपयोगिता एवं महिला शशक्तिकरण पर बल देते हुये ए०डी०आर०, लोक अदालत एवं निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों से अवगत कराया तथा यह भी बताया कि रॉयल कालेज में गरीब एवं असहाय क्षेत्रवासियों को निःशुल्क विधिक सेवायें महाविद्यालय के योग्य प्रवक्ताओं द्वारा लगातार दी जा रही है। इसमें महाविद्यालय का लीगल ऐड सेल सराहनीय कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में दिल्ली की लॉ फर्म एडीआरएफ की ओर से जूही अरोरा सीनियर एडवोकेट एवं उनकी टीम ने भी भाग लिया एवं मीडियेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस शिविर द्वारा महाविद्यालय के प्रवक्ताओं और छात्रों ने लगभग 20 गाँवों में जाकर निःशुल्क विधिक सहायता एवं साक्षरता का प्रचार किया एवं कई सारे ग्रामीणों को विधिक सलाह प्रदान की। मंच संचालन डा० महिमा सिंह ने किया तथा धन्यवाद भाषण डा० कपिल देव मिश्रा ने किया।

अन्त में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की डायरेक्टर डा० कविता अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, रॉयल एजूकेशनल इस्टीटयूट के प्राचार्य डा0 मनीष पोरवाल, सीनियर प्रवक्ता डा० कपिल देव मिश्रा, डा० रविन्द्र कुमार गिरि श्रीमति अंजली व्यापी आदि प्रवक्तागण, कर्मचारीगण एंव छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जनपद पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## 30 लाख रुपये कीमत की प्रतिबंधित लकड़ी पकड़ी

**गाजियाबाद।** थाना मसूरी पुलिस ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपये की प्रतिबंधित खैर की लकड़ी बरामद की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके नाम दीपक तिवारी और हरी सिंह परिहार हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी मध्य प्रदेश के दतिया जिले के निवासी हैं और अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ी की तस्करी कर रहे थे। डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी ने जानकारी दी हैं कि पुलिस ने करीब 20 टन खैर की लकड़ी बरामद की है, जिसे तस्कर मध्य प्रदेश से हिमाचल प्रदेश ले जा रहे थे। वहां की सागर कत्था फैक्टरी में इस लकड़ी का उपयोग किया जाना था। पूछताछ के दौरान पता चला कि यह लकड़ी बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से काटी गई थी और तस्कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इसकी तस्करी कर रहे थे।

पुलिस जांच में पता चला कि इस तस्करी रैकेट का मास्टरमाइंड देवेंद्र सिंह सोलंकी है, जो मध्य प्रदेश के ओरछा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, ट्रक भी देवेंद्र सिंह सोलंकी के नाम पर पंजीकृत है। यह गिरोह पिछले दो वर्षों से लगातार इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, देवेंद्र सिंह सोलंकी पहले भी इसी तरह के मामलों में जेल जा चुका है, लेकिन फिलहाल वह फरार चल रहा है। पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की संभावना है।गाजियाबाद पुलिस की इस कार्रवाई से एक बड़े तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस के अनुसार, आरोपी तस्कर खैर की लकड़ी को अवैध रूप से काटकर कई जगहों पर बेचते थे। खैर की लकड़ी का उपयोग कत्था (जो पान मसाले में इस्तेमाल होता है) बनाने के लिए किया जाता है, और इसकी तस्करी के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। सरकार द्वारा इस लकड़ी पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद गिरोह इसे चोरी-छिपे काटकर दूसरे राज्यों में भेजते थे।

पुलिस ने दोनों गिरफ्तार तस्करों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस फरार मास्टरमाइंड देवेंद्र सिंह सोलंकी को पकड़ने के लिए मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में छापेमारी कर रही है। इसके अलावा, इस तस्करी रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इस पूरे गिरोह को खत्म कर दिया जाएगा और इस तरह की अवैध तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस मामले से साफ होता है कि अवैध लकड़ी तस्करी का कारोबार अब भी जारी है, लेकिन पुलिस की सख्त कार्रवाई से इसमें शामिल अपराधियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुलिस की सक्रियता से न केवल बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी की तस्करी रोकी गई, बल्कि एक बड़े आपराधिक नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ।

होटल कारोबारी के पास काम मांगने गया जहखुरानी

## बातों में फंसाया, आनंद विहार ले जाकर लूटे रुपये और चेन, दबोचा



**साहिबाबाद।** गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-121 स्थित किलो क्योटी निवासी होटल कारोबारी सुरेंद्र सिंह अरोड़ा को बेहोश कर 3.70 लाख नकदी, एक चेन, अंगूठी, सोने का कड़ा और दो मोबाइल चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूलरूप से फर्रुखाबाद के शमसाबाद स्थित अलेमपुर का रहने वाला गौतम उर्फ अजहर है। वर्तमान में वह पत्नी और बच्चे के साथ दिल्ली के वेलकम थाना क्षेत्र के मेट्रो स्टेशन के पास किराये के मकान में रह रहा था।

बुधवार को पुलिस ने मामले का खुलासा किया। जानकारी देते हुए एसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि आरोपी होटल कारोबारी के पास काम मांगने पहुंचा था। इसके बाद बातों के जाल में ऐसा उलझाया कि होटल कारोबारी पूरा दिन उसे अपने साथ लेकर घूमते रहे। जालसाज ने ऐसा भरोसा कायम किया कि कारोबारी ने उसे अपना डेबिट कार्ड देकर उसका पिनकोड भी बता दिया और उससे रुपये भी निकलवाए।

इसके बाद दोनों ने दिन में खाना-पीना भी साथ में किया। इसके बाद गौतम उर्फ अजहर ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन के पास लेजाकर कारोबारी को बेहोश कर नकदी, जेव. रात और मोबाइल चोरी कर भाग गया था। मामले की जांच लिंकरोड पुलिस को सौंपी गई थी। लिंक रोड थाना पुलिस ने आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गौतम ने लिंकरोड थानाक्षेत्र में रोडवेज बस सवार युवक से जहरखुरानी की वारदात की बात स्वीकार की है। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है।

## ढोलक वादक की हत्या के बाद किन्नर समाज ने की प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** किन्नर समाज ने जमकर प्रदर्शन किया। मोदीनगर में बधाई को लेकर हुए विवाद में ढोलक वादक अल्बख्श हत्या हो गई थी। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो किन्नरों को गिरफ्तार किया था। लेकिन अभी तक फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी जिसके नाराज किन्नर समाज ने मोदीनगर में प्रदर्शन किया। किन्नर पूजा और निशा के बीच बधाई को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने चार दिन पहले हिंसक रूप ले लिया। सीकरी कलां गांव के पास एक शादी समारोह में यह घटना हुई। विवाद में किन्नर पूजा के ढोलक वादक अलबक्श की तलवार और चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद समेत 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक पुलिस ने किन्नर निशा और मुस्कान को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बुधवार को बड़ी संख्या में किन्नर थाने पहुंचे और प्रदर्शन किया। थानाप्रभारी ने उन्हें कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। मृतक अल्तमश की मौत के बाद प्रदर्शन कर रहे किन्नर समाज ने कहा कि हमें इंसाफ चाहिए जितने भी फरार आरोपी है सबकी गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो। अगर उन लोगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो किन्नर समाज धरना प्रदर्शन करेगा। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस की पांच टीमें फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। किन्नर समुदाय ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे दिल्ली-मेरठ मार्ग जाम कर देंगे।

## अब फोन छीनकर बदमाश मांग रहे पासवर्ड

**गाजियाबाद।** अपराधियों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन का है, जहां बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक आइसक्रीम विक्रेता का मोबाइल फोन छीन लिया और तेज रफ्तार से भाग निकले।

घटना का चश्मदीद यशपाल कसाना ने बताया कि वह अपनी कार से राजनगर एक्सटेंशन की ओर जा रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि दो बाइक सवार युवक एक आइसक्रीम विक्रेता के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग रहे हैं। यह देखते ही उन्होंने तुरंत बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने अपनी बाइक की रफ्तार बढ़ा दी और मौका पाकर फरार हो गए।

मोबाइल फोन छिनने के बाद आइसक्रीम विक्रेता ने अपने नंबर पर कॉल किया। फोन रिसीव होते ही बदमाशों ने चौंकाने वाली बात कही। उन्होंने कहा, "भाईजान, अगर पासवर्ड नहीं बताओगे तो हमें कैसे पता चलेगा कि फोन तुम्हारा ही है? हमने जिस शख्स ने फोन छीना था, उसे पकड़ लिया है।" यह सुनकर पीड़ित सकते में आ गया और समझ गया कि यह बदमाशों की एक नई चाल है।

घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से घटना की पूरी जानकारी ली और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस तरह की घटनाएं गाजियाबाद में आम होती जा रही हैं, जिससे शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है, खासकर चलते-फिरते मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने में सतर्क रहने की जरूरत है।

## नाले का पानी वार्ड 37 शालीमार गार्डन में जोड़ने का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** प्राइवेट बिल्डर गौर सिटी सोसाइटी के नाले का पानी वार्ड 37 शालीमार गार्डन में जोड़ने पर पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, स्थानीय पार्षद रवि भाटी एवं क्षेत्र की जनता ने विरोध किया। अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी ने बताया कि वार्ड 37 शालीमार गार्डन में पहले से बना पुराना एक बड़ा नाला है यह नाला कई कॉलोनी से होकर निकलता है जिसमें वजीराबाद रोड सर्विस लाईन, विक्रम एंक्लेव, सूर्या पार्क कंपाउंड, छाबड़ा कॉलोनी, 80 फूट रोड, स्वामी विवेकानंद कंपाउंड शालीमार गार्डन मैन, विजय पार्क कंपाउंड, ए ब्लॉक बी ब्लॉक इत्यादि कॉलोनी से यह पुराना नाला होकर निकलता है इस नाले में पहले से ही कुट्टी, टीला मोड, भोपुरा, कोयल एंक्लेव इत्यादि कॉलोनी का पानी जुड़ा हुआ है यह नाला बरसातों में ओवरफ्लो हो जाता है और हर 8 दिन में भर जाता हैं जिससे कारण बड़े नाले का पानी बैक मारने लगता है जिससे कारण इन कॉलोनीयो में पानी भर जाता है अगर इस नाले में ओर किसी नई सोसाइटी के नाले का पानी जोड़ा जाता है तो यह नाला ओवरफ्लो होकर चलेगा और क्षेत्र के लोगों को जलभराव से जूझना पड़ेगा।

रवि भाटी पार्षद ने बताया कि गाजियाबाद के सिकंदरपुर एयरपोर्ट के पास एक प्राइवेट बिल्डर गौर सिटी वाला मॉल एवं सोसाइटी ओर प्लॉटिंग करके हाईराइज सोसाइटी बना रहा है इस प्राइवेट बिल्डर ने नई बन रही सोसाइटी के लिए जो नाला पास करवाया है उसका सारा पानी वजीराबाद रोड से क्रॉस करके वार्ड 37 विक्रम एंक्लेव के बड़े नाले में जोड़ने की तैयारी चल रही है यह नाला विक्रम एंक्लेव वजीराबाद से 80 फूट रोड़ होकर छाबड़ा कॉलोनी से होकर शालीमार गार्डन मैन मे जाता है स यह नाला पहले से ही ओवरफ्लो रहता है गंदगी से भरा रहता है अगर इसमें नई बनने जा रही गौर सिटी सोसाइटी सिकंदरपुर,भोपुरा, कुट्टी का पानी जोड़ा जाएगा तो विक्रम एंक्लेव छाबड़ा कॉलोनी शालीमार गार्डन मैन के सभी नाले पानी से ओवरफ्लो होकर भर जाएंगे स जिससे हमारे क्षेत्र की 50000 जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा इसलिए गौर सिटी सोसाइटी का पानी वार्ड 37 के कॉलोनी के नाले में ना जोड़ा जाए जबकि यह जो नया नाला बन रहा है इसे सिकन्दरपुर से सीधा भोपुरा रोड होते हुए गरिमा गार्डन की तरफ मैन रोड़ के नाले में जोड़ा जाए। इस मौके पर नगर निगम के जेई और क्षेत्र की जनता मौजूद रही।

एक नजर

## रूसी ग्रुप जकारिया की संगीत प्रस्तुति पर झूमे छात्र और शिक्षक

**गाजियाबाद।** बुधवार को एनएच-9 स्थित गुरुकुल द स्कूल में रूसी लोक समूह जकारिया के कलाकारों ने संगीत की प्रस्तुति दी। शानदार गायकी से छात्र और शिक्षक भी मंत्रमुग्ध हो गए। ग्रुप में शामिल कलाकारों ने जब प्राचीन लोक संगीत परंपराओं को आधुनिक धुनों के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया तो हर कोई झूम उठा।

इस दौरान संगीत धरोहर, भाषाई विविधता और सांस्कृतिक समरसता को एक ही मंच पर देखने का अवसर मिला। स्कूल के प्रिंसिपल गौरव बेदी ने ग्रुप के सभी कलाकारों का स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि लिलिया जिगानशिना के नेतृत्व में तातारस्तान का यह एकमात्र बहुराष्ट्रीय युवा लोक संगीत ग्रुप है, जो वोल्गा क्षेत्र के लोक संगीत को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए समर्पित है। 2017 में स्थापित इस समूह में तातार, बशकिर, मोर्दविन और उदमर्तध्तुर्की पृष्ठभूमि की चार महिला संगीतक. ार शामिल हैं।

## विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाएं सम्मानित

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उम्मीद संस्था ने लाल कुंआ में महिला जागरुकता चौपाल लगाई। शिक्षा, पर्यावरण, जल संरक्षण, खेल और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर ने कहा कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। जहां महिलाओं को सम्मान और समानता मिलती है, वहां समाज और देश तेजी से उन्नति करते हैं। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य मास्टर ब्रह्म सिंह, पवन त्यागी और आभा त्यागी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बीपी, शुगर, आंखों की जांच के निःशुल्क कैम्प का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन के निर्देश पर रेडिएंट पब्लिक स्कूल आर.के. पुरम गोविंदपुरम में बीपी, शुगर, आंखों के मुफ्त टेस्टिंग तथा निशुल्क 70 प्लस व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाए गए और सभी को मुफ्त दवाई वितरण कर लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अनोखे कार्य की सराहना की।

कैंप का उदघाटन बालकिशन गुप्ता जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया। कैंप में प्रधानाचार्या डॉ विनीता त्यागी एवं प्रबंधक विनय त्यागी ने अपने सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के साथ सभी का पुष्प देकर हार्दिक अभिनंदन किया एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। अतिथि के रूप में रिटायर्ड आई.ए.एस ओमवीर सिंह वीरवाल, प्रदीप चौधरी, पार्षद अमित डबास, पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी रसम, आशु पंडित, विवेक त्यागी, विमल त्यागी, डॉ श्रेया त्यागी, मनोज त्यागी, विकास त्यागी, टीटू आदि उपस्थित रहे। कैंप में श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम गाजियाबाद का विशेष सहयोग रहा।

कैम्प में 35 आयुष्मान कार्ड 70+ उम्र के लोगों के बनाए गए और ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनवाने के अपील की गई जिससे सभी को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 5 लाख तक का इलाज मुफ्त मिल सके।

## नगर पालिका टीम ने चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**मुरादनगर।** बुधवार को रावली मार्ग पर नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकान के बाहर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। वहीं, सड़क पर रखे खोखों को उठा लिया। दुकानदारों के विरोध को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नागयाच मौके पर मौजूद रहीं। चार दिन पहले रावली-सुराना मार्ग पर रोडरेज के चलते विवाद हो गया था। अलग-अलग समुदाय के लोगों में मारपीट और पत्थरबाजी हुई थी। रावली कट से चुंगी नंबर तीन तक अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति ने पंचायत की थी। बुधवार को नगर पालिक के ईओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने टीम के साथ रावली रोड से अतिक्रमण हटाया। तीन घंटे से अधिक समत तक चले अभियान में मार्ग पर अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया। दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर केस दर्ज कराया जाएगा।

## अरविंद वर्मा के खेल से एमिल ने कार्पेडियम इंडिया को मात दी

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित जवाहर नगर नेहरू स्टेडियम में चल रहे आठवां कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी में बुधवार को खेले गए मुक. ाबले में एमिल ने कार्पेडियम इंडिया को 124 रन से करारी मात दी। अरविंद वर्मा को हरफनमौला खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

नेहरू स्टेडियम में एमिल की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 40 ओवर में फैसले को सही साबित करते हुए 313 रन का स्कोर बनाया।आंजनेय ने कई दमदार शॉट लगाते हुए 86 रन की पारी खेली। इसके अतिरिक्त कप्तान अरविंद वर्मा ने 68, रोहित शर्मा ने 48 रन बनाए।

दिव्यांश सेंगर को तीन विकेट और गौरव को एक विकेट हासिल हुआ। 314 रन के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी कार्पेडियम इंडिया की टीम 30 ओवर में मात्र 189 रन ही आउट हो गई। उसकी तरफ से सचिन भाटी ने 107 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली लेकिन टीम के लिए नाकाफी साबित हुआ।

इसके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज ज्यादा कुछ नहीं कर सका। विपक्षी टीम की तरफ से मोनू ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट और अरविंद वर्मा ने दो विकेट झटके। 68 रन की पारी खेलने के साथ दो अहम विकेट लेने के लिए अरविंद वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## डासना तालाब पर प्रशासन की कार्रवाई, अवैध कब्जे पर चलाया बुलडोजर



**गाजियाबाद।** डासना स्थित ऐतिहा. सिक तालाब (खसरा संख्या 2076, 2077, 2078) पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए जिला प्रशासन और नगर पंचायत डासना की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के आदेशों के तहत प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया।

डासना तालाब को लेकर चल रहे अफसर अली बनाम उत्तर प्रदेश सरकार केस (रिट संख्या 48/2022, एनजीटी कोर्ट दिल्ली) में पहले भी प्रशासन ने कार्रवाई की थी, लेकिन हाल ही में अवैध कब्जों की शिकायतें सामने आई थीं। इस पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर कार्रवाई का आद. ेश दिया।

जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम अरुण दीक्षित, नगर पंचायत डासना के अधिशासी अधिकारी, लेखपाल, नायब तहस. ीलदार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। प्रशासन की टीम ने श्रब्ठ मशीनों की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।

तालाब को अवैध कब्जों से बचाने और जलभराव की समस्या को रोकने के लिए इसके चारों ओर नाला निर्माण किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को फायदा होगा, बल्कि जल निकासी व्यवस्था भी सुचारू रूप से कार्य करेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय निवासियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई। कुछ लोगों ने इसे सराहा, क्योंकि इससे तालाब का सौंदर्यीकरण होगा और यह अपने मूल स्वरूप में लौट सकेगा।

वहीं, कुछ प्रभावित लोगों ने इस कदम को अनुचित बताया। इस दौरान थाना वेव सिटी पुलिस प्रशासन की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके । प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भविष्य में भी अवैध कब्जों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से यह संकेत मिलता है कि जल स्रोतों को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बार एसोसिएशन सचिव पद का निर्वाचन निरस्त

दो सप्ताह में फिर चुनाव का आदेश

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का बीते वर्ष 19 अगस्त को सचिव पद का निर्वाचन निरस्त कर दिया गया है। चुनाव में सर्वाधिक मत प्राप्त प्रत्याशी हरेंद्र गौतम की याचिका पर उप जिलाधिकारी कोर्ट ने यह आद. ेश दिया है।

चुनाव में एल्डर कमेटी ने सभी पद के विजयी प्रत्याशी घोषित किए, लेकिन रात भर चली मतगणना के बाद 20 अगस्त की सुबह सचिव पद प्रत्याशियों के सिर्फ प्राप्त मत घोषित किए।

सर्वाधिक मत प्राप्त हरेंद्र गौतम को विजयी घोषित नहीं किया गया। उसके बाद ही हरेंद्र गौतम ने बार काउंसिल उत्तर प्रदेश समेत कई जगह शिकायत की थी। उप जिलाधिकारी कोर्ट ने निर्वाचन निरस्त कर दो सप्ताह में दोबारा चुनाव करने का आदेश दिया है।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य व जिला पोषण समिति की बैठक

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपरौली के कार्यों में सुधार करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय समिति एवं जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 70 साल से ऊपर के सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के जिलाधिकारी नवनिर्देश दिए। उन्होंने कहा व्यक्ति को 5 लाख तक का मुक्त इलाज मिलेगा। आयुष्मान की कैटेगरी में आने वाले व्यक्तियों को कार्ड बनाकर उन्हें स्वास्थ्य उपचार दिया जाए जो अस्पताल पैनल में है। वह गुणवत्ता के साथ उपचार दें 100 दिन टीवी अभियान में जनपद बागपत में 9 रैंक प्राप्त की है।



मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, एएनसी (गर्भवती महिलाओं की जांच) कवरेज में वृद्धि करने और सुरक्षित प्रसव सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर आवश्यक निर्देश दिए। डिलेवरी होने के तत्काल बाद 48 घंटे के बाद ही छुट्टी की जाए। ओ.पी.डी. सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को संचालित रहती है एवं मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, वृद्धाश्रम, दवा से दुवा, स्कूल कालेज, विकलांग कैम्प आदि पर कैम्प के माध्यम से उपचार व काउंसलिग कि जाती है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) के अन्तगर्त परामर्श के लिए टेली मानस हेल्प लाइन न. 14416 या 18008914416 उपलब्ध है जिस पर कॉल कर के मानसिक रोगो के बारे में उचित परामर्श ले सकते है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एस के चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, डा. विभास राजपूत सहित आदि अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत (हमारा आंगन हमारे बच्चे) कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को कलेक्ट्रेट लोक मंच पर जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन समुदाय को निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराना है।

जिलाधिकारी ने शिक्षा के महत्व और बच्चों के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट देकर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें पढ़ाई के प्रति और अधिक प्रेरणा मिल सके और निपुण पुस्तिका का विमोचन किया गया। निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों की सराहना करते हुए इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। मिशन शक्ति के पांच वें चरण के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट लोकमंच पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा जिला विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे डिप्टी कलेक्टर जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा ,जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




# एनडीपीएस एक्ट में दोषी को चार वर्ष के कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एनडीपीएस एक्ट में आरोप सिद्ध हो जाने पर कोर्ट ने दोषी को चार वर्ष के कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

एडीजीसी दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार वर्ष 2015 में कोतवाली बडौत पुलिस ने गुराना रोड़ निवासी एक महिला को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी महिला को विधिक कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। इस मामले की सुनाई अपर जिला जज एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चली।

# वार्षिक परीक्षाफल घोषित, छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के दोघट श्रीराम पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रधानाचार्य डा.राजीव तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय का वार्षिक रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है।

इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज डायरेक्टर उपेंद्र चौधरी ने कॉलेज की पूर्व वर्षों की उपलब्धियां के बारे में बताया तथा अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को सोशल मीडिया व फोन से दूर रखने में सहयोग करें। एडमिन प्रदीप तोमर ने छात्रों व अभिभावकों को खेल एकेडमी के संबंध में जानकारी दी। विद्यालय के वार्षिक रिजल्ट में प्री नर्सरी प्रथम स्थान अनन्या द्वितीय स्थान अभी तृतीय स्थान महीनूर नर्सरी प्रथम स्थान ईशान द्वितीय स्थान लक्ष्य तृतीय स्थान अभय एलकेजी प्रथम स्थान विहान तोमर द्वितीय स्थान अंश तृतीय स्थान तनवी यूकेजी प्रथम स्थान अमृत पंवार द्वितीय स्थान श्रृष्टि तृतीय स्थान प्रगुण कक्षा एक प्रथम स्थान अमायरा द्वितीय स्थान अर्पण तृतीय स्थान अनिका कक्षा दो प्रथम स्थानरू इकरा तोमर द्वितीय स्थान धैर्य पंवार तृतीय स्थान अक्षा खातून कक्षा तीन प्रथम स्थान अविका चौधरी द्वितीय स्थान अवनी तृतीय स्थान आरव पंवार कक्षा चार प्रथम स्थान शानवी द्वितीय स्थान प्रीत तृतीय स्थान अन्नू कक्षा पांच प्रथम स्थान अर्जुन शर्मा द्वितीय स्थान वंश तोमर तृतीय स्थान आर्फियान कक्षा छः प्रथम स्थान सार्थक द्वितीय स्थान विराज पंवार तृतीय स्थान देव तोमर कक्षा सात प्रथम स्थान अवनी द्वितीय स्थान निकुंज राठी तृतीय स्थान अनोखी तोमर कक्षा आठ प्रथम स्थान स्नेहा चौधरी द्वितीय स्थान लक्की तोमर तृतीय स्थान शिवांशी कक्षा नौ प्रथम स्थान आस्था शर्मा द्वितीय स्थान आरव तोमर तृतीय स्थान देवांशी कक्षा ग्यारह में प्रथम स्थान परीसा द्वितीय स्थान सोफ़िया चौधरी तृतीय स्थान दीपिका पंवार ने प्राप्त किया सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य डायरेक्टर महोदय व कोऑर्डिनेटर ने ट्राफी प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन गरिमा तोमर ने किया कार्यक्रम में दुर्गेश शर्मा आशा रानी साधना त्यागी रितु पवार मधु पुनीता सुमित राहुल तोमर राधिका सहयोग रहा।





## टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

माँग सूचना पत्र

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018
**शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016. Website: http://www.truhomefinance.in

जबकि यहां उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/ ने **टूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हमारा कहना है कि वित्तीय सहायता ग्रहण करने के बावजूद, कर्जदारों/जमानतियों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज तथा मूलधन के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार खाते को नॉन फॉर्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप **टूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण पुनर्गठन एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं से सूचनाओं में उल्लेखित राशि पर अनुबंध के अनुसार दर से एवं भविष्य की ब्याज व अन्य आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों, राशि सहित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित संबद्ध तिथियों पर मांग सूचनाएं जारी की थी।
उनके अन्तिम ज्ञात पते पर सूचनाएं भेजी गयी थी, किन्तु वे बिना प्राप्ति के वापस कर दी गयी। अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी प्रकार सूचित किया गया है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता/बंधक का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता (ओं)/ सह-उधारकर्ता (ओ) का नाम | बकाया राशि | सुरक्षित संपत्तियों की संपत्ति का पता |
|---|---|---|
| **श्री अमित सहगल पुत्र श्री दीपक सहगल मकान नंबर 22, दूसरी मंजिल सामने की तरफ, ब्लॉक-बी-134, सुभाष पार्क एक्सटेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली 110059. इसके अलावा: मकान नंबर बी-22, दूसरी मंजिल सामने की तरफ, ब्लॉक-बी, सुभाष पार्क एक्सटेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059. इसके अलावा: मकान नंबर जेड-101 ए और जेड-101 बी, सामने की तरफ तीसरी मंजिल, जेड-ब्लॉक, गांव-हस्तल, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059. श्रीमती महक सहगल पत्नी श्री अमित सहगल मकान नंबर 107 बी, यू और वी ब्लॉक, शालीमार बाग, दिल्ली-110088. इसके अलावा: मकान नंबर बी-22, दूसरी मंजिल सामने की तरफ, ब्लॉक-बी, सुभाष पार्क एक्सटेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059. इसके अलावा: मकान नं. जेड-101 ए और जेड-101 बी, सामने की ओर तीसरी मंजिल, जेड-ब्लॉक, गांव-हस्तल, उत्तम नगर, नई दिल्ली- 110059.** <br> एनपीए दिनांक- 05-02-2025 <br> डिमांड नोटिस की तिथि: 04-03-2025 | रु. 41,84,748/- (रु. इकतालीस लाख चौरासी हज़ार सात सौ अड़तालीस मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SHLHDLHI0001142 10-फरवरी-2025 तक <br> **ऋण धनराशि** <br> **रु. 40,00,000/- (रु. चालीस लाख मात्र)** | वह सब भाग और पार्सल पर फ्रीहोल्ड निर्मित यूपी संपत्ति नंबर. जेड-101 ए और जेड-101 बी, सामने की तरफ तीसरी मंजिल छत के अधिकार के साथ, एरिया क्षेत्रफल 90 वर्ग गज, का प्राइवेट नंबर 301, खसरा नंबर 89/8 में से, (मुस्तैतिल नंबर 89. किला नंबर 8) गांव-हस्तल, कॉलोनी जेड-ब्लॉक, उत्तम नगर, नई दिल्ली- 110059 उक्त सीमाऐं:- पूर्व:- संपत्ति नंबर जेड-100 पशिचम:- संपत्ति नंबर जेड-102 उत्तर:- सड़क 20 फीट चौड़ी दक्षिण:- गली 10 फीट। |

उपर्युक्त परिस्थितियों में एतद्वारा उपर्युक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा जमानतियों (जो भी प्रयोज्य हो) को ऊपर उल्लेखित के अनुसार भावी ब्याज तथा प्रयोज्य प्रभारों सहित बकाया राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें कथित 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात असफल होने पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) एवं उसके तहत प्रयोज्य नियमों के अन्तर्गत कर्जदारों तथा बंधककर्ताओं की प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा लेने सहित प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
**कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत कोई भी कर्जदार प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना इस सूचना में सन्दर्भित किसी भी प्रतिभूत आस्ति को पट्टे, बिक्री या अन्यथा विधि से हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।**

स्थान:- दिल्ली
दिनांक:- 06/03/2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)



## टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
**फोन:** 1800 102 4345 ; **वेबसाईट:** website: www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मंजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरा लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018
**शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110016.

परिशिष्ठ-IV-A (नियम 8(6) का प्रावधन देखें) निजी संधि के माध्यम से नीलामी सह बिक्री

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**
इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता के लिए और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर के लिए कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका सांकेतिक कब्जा टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। ई-नीलामी में ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बीच बेचा जाएगा। टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) को बकाया राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों से, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा और वेतन वृद्धि भी नीचे दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | 13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री आज़ाद पुत्र श्री दीनू ग्राम-अहमद शाहपुर पडरा, जिला-बागपत, उत्तर प्रदेश-250601. इसके अलावा: मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, गांव-पावी सादकपुर, तहसील-लोनी, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102. श्री शोकिन पुत्र श्री दीनू, गांव-अहमद शाहपुर पडरा, जिला-बागपत, उत्तर प्रदेश-250601. इसके अलावा: मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, गांव-पावी सादकपुर, तहसील-लोनी, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102. श्रीमती शहजादी पत्नी श्री आजाद मकान नंबर 118, गांव-अहमद शाहपुर पडरा, अग्रवाल मंडी, जिला- बागपत, उत्तर प्रदेश-250601. इसके अलावा: मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, गांव-पावी सादकपुर, तहसील-लोनी, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 <br> कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार <br> 21-फरवरी-2025 और सांकेतिक कब्जा <br> भार ज्ञात: ज्ञात नहीं | डिमांड नोटिस की तिथि 16- दिसंबर-2024 <br> रु. 32,81,284/- (रु. बत्तीस लाख इक्यासी हज़ार दो सौ चौरासी मात्र) संदर्भ में ऋण खाता संख्या SHLHGPRK0001805 <br> **दिनांक 09-दिसंबर-2024 तक कुल बकाया** रु. 32,81,284/- (रु. बत्तीस लाख इक्यासी हज़ार दो सौ चौरासी मात्र) | रू. 36,00,000/- (रूपये छत्तीस लाख मात्र) <br> **बोली वृद्धि:** रू. 10,000/- और ऐसे गुणकों में <br> **धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)** <br> रू. 3,60,000/- (रूपये तीन लाख साठ हज़ार मात्र) <br> **ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक 03 अप्रैल, 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक** | ईएमडी राशि आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से निम्न वर्णित खातों में जमा किया जा सकता है। **बैंक का नाम**- एक्सिस बैंक लिमिटेड **शाखा** - बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई **बैंक खाता सं.**- चालू खाता नं. 0911020045677633 IFSC CODE-UTIB0000230 | 08 अप्रैल 2025 <br> समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | **संजीव शर्मा फोन नं. 011-40725822** <br> **श्री निखिल कुमार- 7053869593,** <br> **श्री अशफाक पटका 9819415477** <br> **कस्टमर केयर नं. 022-40081572** <br> **सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 01 अप्रैल 2025 प्रात: 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक** |

**सम्पत्ति का विवरण**
वह सभी हिस्सा और पार्सल पर संपत्ति नंबर. मकान नंबर 25, खुराना एन्क्लेव, खसरा नंबर 456, क्षेत्रफल- 83.61 वर्ग मीटर, गांव-पावी सादकपुर, तहसील- लोनी, जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश. उक्त सीमाऐं:- पूर्व:- 10 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिम:- 20 फीट चौड़ा रास्ता उत्तर:- प्लॉट नंबर 25ए, दक्षिण:- प्लॉट नंबर 24

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों, बोली फॉर्म और अन्य के लिए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट https:www.bankeauctions.com पर आयोजित की जाएगी, लिमिटेड, पता: - प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003। किसी भी सहायता के लिए, आप ईमेल आईडी: tn@c1india.com, support@bankeauctions.com पर ईमेल लिख सकते हैं। आप नीलामी एजेंसी से भी संपर्क कर सकते हैं, दूरभाष: +91-124-4302020 फैक्स: +91-124-4302010 www.c1india.com. किसी भी प्रश्न के मामले में बोलीदाता उपर्युक्त तालिका में उल्लिखित अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना**
गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं को नीलामी से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएगी। गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संपत्ति के अंदर मौजूद सभी चल वस्तुओं को वापस ले लें।
ध्यान दें: कृपया ध्यान दें कि सुरक्षित ऋणदाता सभी उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा बिक्री नोटिस जारी करने जा रहा है। यदि यह किसी भी पक्ष को प्राप्त नहीं होता है, तो बिक्री सूचना के इस प्रकाशन को सेवा का एक प्रतिस्थापित तरीका माना जा सकता है।

स्थान:- गाजियाबाद
दिनांक:- 06.03.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
### होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**02525/02526 कामाख्या – आनन्द विहार टर्मिनल – कामाख्या होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 02525 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 02526 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:45 | कामाख्या | 03:40 | ---- |
| 08:50 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 17:20 |

**चलने के दिन : 02525 कामाख्या** से दिनांक 07.03.2025 से 28.03.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार को) एवं **02526 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 09.03.2025 से 30.03.2025 तक (प्रत्येक रविवार को)।
**ठहराव:** गोवालपाड़ा टाउन, अभयपुर असम, बिलासीपारा, गौरीपुर, गोलकगंज, तूफानगंज, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी (शाहपुर पटोरी के माध्यम से), हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज, गोविंदपुरी, टूंडला एवं अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य।

**04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04010 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 12:25 | ---- |
| 03:00 | ---- | जोगबनी | ---- | 09:45 |

**चलने के दिन : 04010 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 10.03.2025 एवं 17.03.2025 को एवं **04009 जोगबनी** से दिनांक 12.03.2025 एवं 19.03.2025 को।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया एवं फोर्बसगंज स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**03009/03010 & 03011/03012 हावड़ा- आनन्द विहार टर्मिनल - हावड़ा होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 03009 / 03011 आगमन | प्रस्थान | STATIONS | रेलगाड़ी सं.: 03010 / 03012 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:40 | हावड़ा | 03:00 | ---- |
| 22:30 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 00:30 |

**चलने के दिन : 03009 हावड़ा** से दिनांक 06.03.2025, 16.03.2025, 20.03.2025 एवं 24.03.2025 को एवं **03010 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 08.03.2025, 18.03.2025, 22.03.2025 एवं 26.03.2025 को एवं **03011 हावड़ा** से दिनांक 07.03.2025, 11.03.2025, 15.03.2025, 19.03.2025 एवं 23.03.2025 को एवं **03012 आनन्द विहार टर्मिनल** से 09.03.2025, 13.03.2025, 17.03.2025, 21.03.2025 एवं 25.03.2025 को।
**ठहराव:** बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, कोडरमा, गया, अनुग्रह एन रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन एवं टूंडला जंक्शन स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**09003/09004 मुंबई सेन्ट्रल – दिल्ली जं – मुंबई सेन्ट्रल होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 09003 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09004 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | ---- |
| 10:00 | ---- | दिल्ली जं | ---- | 13:05 |

**चलने के दिन : 09003 मुंबई सेन्ट्रल** से दिनांक 07.03.2025 से 28.03.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को) एवं **09004 दिल्ली जं** से दिनांक 08.03.2025 से 29.03.2025 तक (प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को)।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना जंक्शन, सूरत, वडोदरा जंक्शन, गेरातपुर, साबरमती बीजी, महेसाना जंक्शन, पालनपुर जंक्शन, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर जंक्शन, मदार जंक्शन, किशनगढ़, जयपुर जंक्शन, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई जंक्शन, अलवर, रेवाड़ी जंक्शन, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।

**04412 हज़रत निजामुद्दीन – इंदौर जंक्शन होली स्पेशल ट्रेन** — 01 फेरे

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| हज़रत निजामुद्दीन | ---- | 23:45 |
| इंदौर जंक्शन | 14:00 | ---- |

**चलने के दिन : 04412 हज़रत निजामुद्दीन से** 07.03.2025 को।
**ठहराव:** पलवल, मथुरा, कोटा, नागदा एवं रतलाम स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**04016/04015 आनन्द विहार टर्मिनल – सीतामढ़ी – आनन्द विहार टर्मिनल होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04016 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04015 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 00:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 06:00 | ---- |
| 02:00 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 05:00 |

**चलने के दिन : 04016 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 07.03.2025, 11.03.2025, 14.03.2025 एवं 18.03.2025 को एवं **04015 सीतामढ़ी** से दिनांक 08.03.2025, 12.03.2025, 15.03.2025 एवं 19.03.2025 को।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम, वाराणसी जंक्शन, औंरिहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. (रिवर्सल) स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**04068/04067 नई दिल्ली – भागलपुर – नई दिल्ली होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04068 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04067 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:00 | नई दिल्ली | 14:30 | ---- |
| 13:30 | ---- | भागलपुर | ---- | 14:30 |

**चलने के दिन : 04068 नई दिल्ली** से दिनांक 09.03.2025, 12.03.2025, 16.03.2025 एवं 19.03.2025 को एवं **04067 भागलपुर** से दिनांक 10.03.2025, 13.03.2025, 17.03.2025 एवं 20.03.2025 को।
**ठहराव:** गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर जंक्शन, मोकामा, हाथीदा जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, किउल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जंक्शन एवं सुल्तानगंज स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान।

**02436/02435 नई दिल्ली – पटना जं – नई दिल्ली होली स्पेशल वंदे भारत रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 02436 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 02435 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:30 | नई दिल्ली | 20:10 | ---- |
| 22:30 | ---- | पटना जं | ---- | 05:30 |

**चलने के दिन : 02436 नई दिल्ली** से दिनांक 08.03.2025 से 20.03.2025 तक (सप्ताह में छः दिन सोमवार को छोड़कर) एवं **02435 पटना जं** से दिनांक 09.03.2025 से 21.03.2025 तक (सप्ताह में छः दिन मंगलवार को छोड़कर)।
**ठहराव:** गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जंक्शन एवं पाटलिपुत्र जंक्शन स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**03435/03436 मालदा टाउन – आनन्द विहार टर्मिनल – मालदा टाउन होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 03435 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 03436 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:30 | मालदा टाउन | 23:30 | ---- |
| 13:30 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 15:45 |

**चलने के दिन : 03435 मालदा टाउन** से दिनांक 17.03.2025 (सोमवार) को एवं **03436 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 18.03.2025 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, पीरपैंती, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जंक्शन, अभयपुर, किऊल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जंक्शन, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज एवं गोविंदपुरी स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**03413/03414 मालदा टाउन – दिल्ली जं – मालदा टाउन होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 03413 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 03414 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:00 | मालदा टाउन | 17:30 | ---- |
| 10:35 | ---- | दिल्ली जं | ---- | 13:35 |

**चलने के दिन : 03413 मालदा टाउन** से दिनांक 15.03.2025 एवं 18.03.2025 को **03414 दिल्ली जं** से दिनांक 16.03.2025 एवं 19.03.2025 को।
**ठहराव:** न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर जंक्शन, धरहरा, अभयपुर, कजरा, किउल जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, बरहिया, हाथीदा जंक्शन, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब, पटना जंक्शन, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04416 दिल्ली सराय रोहिल्ला – साबरमती होली स्पेशल ट्रेन** — 01 फेरे

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04416 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दिल्ली सराय रोहिल्ला | ---- | 08:10 |
| साबरमती | 23:20 | ---- |

**चलने के दिन : 04416 दिल्ली सराय रोहिल्ला से** 07.03.2025 को।
**ठहराव:** रेवाडी, अलवर, जयपुर, अजमेर, आबू रोड और पालनपुर स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# किठौर थाने पर कांग्रेसियों का धरना

**किशोरी बरामद, कोर्ट के आदेश का हवाला देकर किशोरी को एसएसपी ऑफिस ले गई पुलिस**

**बंधन बैंक में कलेक्शन एजेंट था आरोपी, 16 वर्षीय किशोरी को ले गया था बहला फुसलाकर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** 43 दिन पूर्व दूसरे संप्रदाय के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाई गई किशोरी की बरामदगी न होने से क्षुब्ध कांग्रेस और भारतीय किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने थाने पर अनिश्चित कालीन धरना दे दिया। भीड़ के तेवर देख हरकत में आई पुलिस किशोरी को आनन-फानन में बरामद कर एसएसपी ऑफिस ले पहुंची। तत्पश्चात बेटी को परिजनों की सुपुर्दगी में देने के आश्वासन पर धरना समाप्त कराया गया। हापुड़ का गढ़मुक्तेश्वर निवासी अमरनाथ मेरठ के कस्बा शाहजहांपुर स्थित बंधन बैंक में कलेक्शन एजेंट था। बीती 20 जनवरी को वह थाना क्षेत्र के एक कस्बे से जाति विशेष की 16 वर्षीय किशोरी को भगा ले गया।

काफी तलाश के बाद 22 जनवरी को किशोरी के पिता ने उक्त युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। तभी से परिजन बेटी की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर काट रहे थे। 28 फरवरी को परिजन कांग्रेस नेता मुहम्मद आसिफ के नेतृत्व में इंस्पेक्टर से मिले। इंस्पेक्टर ने उन्हें 48 घंटे में किशोरी की बरामदगी का आश्वासन देकर लौटा दिया। लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी बरामदगी न होने पर बुधवार को कांग्रेस नेता मुहम्मद आसिफ, भारतीय किसान मोर्चा पदाधिकारी आस मुहम्मद पीड़ित परिजनों और कार्यकर्ताओं के साथ थाने के बाहर बैनर तानकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने बेटी की बरामदगी की मांग और नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे एसएसआई मुहम्मद उवैश ने दो दिन का समय मांगा तो प्रदर्शनकारी भड़क गए। उन्होंने कहा कि किठौर पुलिस की लचर कार्रवाई के कारण किशोरी नही मिल रही है। पुलिस कई बार समय ले चुकी है।

40 दिन पूर्व रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने पीड़ित परिजनों को हर बार आश्वासन देकर लौटाया है। मुहम्मद आसिफ ने कहा कि अब तो पुलिस को लड़की का जन्मप्रमाण पत्र भी दे दिया। धरनास्थल से वह बेटी लेकर जाएगा अन्यथा यहां से उसकी लाश उठेगी। पुलिस चाहे हथकड़ी लगाकर जेल भेज दे। भीड़ के तेवर देख हरकत में आई पुलिस किशोरी को तुरंत बरामद कर एसएसपी ऑफिस ले गई। किशोरी को परिजनों के सुपुर्द करने का आश्वासन देकर पुलिस ने धरना खत्म कराया। जिसके बाद पुलिस किशोरी की मां और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मेरठ ले गई। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि किशोरी बरामद हो गई है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पुलिस ने छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। कई दिन से मनचले छात्रा को परेशान कर रहे थे। बात न करने पर उसे धमकियां भी दे रहे थे। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने ये कार्रवाई की है। नगर निवासी छात्रा ने बताया कि मोहल्ले के दो युवक उसे काफी समय से परेशान कर रहे हैं। वह घर से बाहर निकलती तो उसका पीछा करते। कॉलेज जाती तो भी उसे परेशान किया जा रहा था। आरोप है कि बीच रास्ते में रोककर आरोपियों ने उसे चॉकलेट व अपना नम्बर देने का प्रयास किया। लेकिन जब आरोपियों की हरकत बढ़ी तो पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई कर दी।

# सैफपुर-फिरोजपुर में बिना वजह के मारपीट करने वाला आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर रामराज में पेट्रोल पंप के सामने एक अज्ञात मेट्रो चालक ने बिना कारण के गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल की डॉक्टरी के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाने पर तहरीर देते हुए क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज निवासी प्रदीप पुत्र राजवीर ने बताया कि बुधवार के दोपहर गांव के बीच में बने पेट्रोल पंप के सामने खड़ा हुआ था। तभी नया गांव खादर के पास सोनपुर निवासी अज्ञात व्यक्ति अपने मिनी मेट्रो को लेकर आया और बिना किसी वजह के गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट में प्रदीप घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हालत में प्रदीप को इलाज हेतु हस्तिनापुर भिजवाया। पीड़ित ने थाने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने कार्रवाई की मांग की है।

### एसएसपी ने जानी इंस्पेक्टर को किया लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** एसएसपी ने जानी इंस्पेक्टर को एक माह पूर्व क्षेत्र के गांव पांचली में रिंकू नाम के बदमाश ने पांचली निवासी इमरान की शराब पार्टी के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी और उसके दो दोस्तों को भी गोली मारी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एसएसपी ने फरार रिंकू बदमाश पर 25000 का इनाम भी घोषित किया था लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी रिंकू पकड़ा नहीं गया रिंकू को पकड़ने के लिए थाने में धरने में चेतावनी दी थी लेकिन पुलिस ने तीन दिन का समय मांग कर जल्द से जल्द रिंकू बदमाश को पकड़ने की बात कही थी और सिसौला में एक पक्षीय कार्रवाई से नाराज कप्तान ऑफिस पहुंचे थे जिसके बाद कप्तान ने एक्शन लेकर प्रभारी को लाइन भेज दिया।

# सुभारती हॉस्पिटल में मिल रहा है मरीजों को बेहतर इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंसर से जूझ रही एक महिला मरीज का सुभारती हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने जटिल ऑपरेशन और थेरेपी के माध्यम से नया जीवनदान दिया है। यह मामला एक 65 वर्षीय महिला मरीज का है, जिसे वर्ष 2022 में अन्य अस्पतालों से जवाब दे दिया गया था और परिवार को सलाह दी गई थी कि वे घर पर ही उनकी देखभाल करें। डॉक्टरों ने कहा था कि मरीज मात्र छह महीने तक ही जीवित रह पाएंगी, क्योंकि वह ग्रेड 4 स्टेज 4 ग्लियोब्लास्टोमा मल्टीफॉर्मे जीबीएम नामक आक्रामक ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थीं। स्थानीय होने के नाते, परिवार को पता चला कि सुभारती हॉस्पिटल में कैंसर के उपचार के लिए अच्छी तकनीक इस्तेमाल कर रहा है। सुभारती हॉस्पिटल में ऑकोलॉजी डिपार्मेंट के हेड डॉक्टर अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जब मरीज हमारे पास आई तो हमने मरीज को एक साधारण कैप्सूल कीमोथेरेपी से इलाज देना शुरू किया। इस कीमोथेरेपी में मरीज को सिर्फ महीने में 5 दिन दवा लेनी होती थी। कीमोथेरेपी ने अच्छा असर किया और वह ठीक होने लगी। शुरू में इलाज का असर बहुत अच्छा रहा। लेकिन 7-8 महीने बाद कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स आने लगे। फिर दवा की खुराक थोड़ी कम की और इलाज जारी रखा। लगभग दो साल तक बीमारी ठीक रही और एक अच्छी चलती-फिरती जिंदगी मरीज ने जिया। सुभारती के इलाज के दौरान मरीज का कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया था लेकिन बाद में एक बार फिर दोबारा से उभर कर आया। परिवार निराश होकर दोबारा सुभारती कैंसर इंस्टिट्यूट पहुंचा और डॉ. अरुण कुमार से सलाह ली। इंस्टिट्यूट ने फिर से इस चुनौती को स्वीकार किया और मरीज को ऑपरेशन कराने तथा उसके बाद रेडिएशन थेरेपी देने की सलाह दी। दूसरी बार ऑपरेशन के बाद, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी को एक साथ दिया गया। मात्र 15 दिनों में ये पूरा कर लिया गया। जिसके बाद मरीज ठीक है।

## माला रेलवे स्टेशन पर पहुंचा भालू, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के बीच स्थित माला रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह एक भालू पहुंच गया जिससे भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तब वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भालू को पकड़कर पिंजरे में बंद कर दिया है। माला रेंज के समीप जंगल में माला स्टेशन के पास सुबह एक भालू देखा गया था। जिसका ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग व सामाजिक विभाग की टीम ने भालू का रेस्क्यू किया।

# बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, के आह्वान पर 98 वें दिन बिजली कर्मचारियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया। निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन अगले दो दिन भी जारी रहेगा।




संघर्ष के 101वें दिन संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों और सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारियों की लखनऊ में बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में निजीकरण निरस्त कराने हेतु संघर्ष तेज करने की रणनीति तय की जाएगी। उधर छह केन्द्रीय श्रम संघों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वह निजीकरण की प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार को देखते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करें। हिन्द मजदूर सभा के अरुण गोपाल मिश्र, पीयूष मिश्र, एटक के चन्द्र शेखर, इंटक के दिलीप श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, सीटू के प्रेम नाथ राय, हेमन्त कुमार सिंह, एआईटीयूटीसी से बीरेंद्र त्रिपाठी और सेवा से सीता रावत, मीना ने संयुक्त बैठक कर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों के आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति के मामले में जिस तरह हितों के टकराव के प्रावधान को शिथिल कर दिया गया है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण की प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। केंद्रीय श्रम संगठनों की बैठक की अध्यक्षता एटक के चंद्रशेखर ने की। संघर्ष समिति मेरठ के पदाधिकारियों इं सीपी सिंह सेवानिवृत, इं कृष्ण कुमार साराश्वत, इं. शिवम् सिंह, इं. नकुल कुमार, इं. निशान्त त्यागी, कपिल देव गौतम, जितेन्द्र कुमार, दीपक कश्यप, प्रदीप दरोगा आदि ने कहा है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजी करण का राग बंद कर दें और बिजली कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार की प्रक्रिया में लगे। बिजली कर्मी सुधार चाहते हैं और निजीकरण के विरोध में अनावश्यक बिजली कर्मियों की ऊर्जा लग रही है। यही ऊर्जा सुधार में लगे तो बिजली की व्यवस्था में और उत्तरोत्तर सुधार होगा। जनपद में ऊर्जा भवन कार्यालय में कार्यालय समय उपरांत हुई विरोध सभा में सभी बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न, माहौल बिगड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में आमागी त्यौहरों होली, रमजान, ईद-उल-फितर एवं नवरात्रि के दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु बैठक पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई।

उन्होंने उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को कडे निर्देश देते हुये कहा कि आगामी होली व अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत विगत वर्षो में त्योहार के दौरान विवादो वाले संवेदनशील स्थलों का भ्रमण करें तथा दोनों पक्षों को कडे निर्देश देते हुये पाबन्द की कार्यवाही नियमानुसार करें। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि साफ सफाई व्यवस्था करानी सुनिश्चित कराई जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र के अधिशासी अभियन्ता विद्युत के माध्यम से विद्युत पूर्ति सुनिश्चित की जाये, कहीं भी कमी होने पर तत्काल कार्यवाही की जाये तथा होलिका दहन स्थलों पर विद्युत के तारों की ऊँचाई पर विशेष ध्यान दिया जाये, यदि तार ढीले हो तो उसे तत्काल सही कराये जाये। उन्होंने कहा कि बिना कोई नई परम्परा डाले हुये पूर्व चिन्हित स्थलों पर होलिका दहन सुनिश्चित किया जाये।

इसके लिए बीट कास्टेबल भ्रमण कर व्यवस्था सुनिश्चित करेगें। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को निर्देश देते हुये कहा कि सभी निर्धारित ड्यूटी के अनुसार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगें और वीट कॉस्टेबलों को सक्रिय करते हुये शान्ति बनाये रखें। जिससे की कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये। बैठक में उन्होंने सभी समुदायों से अपील की गई कि आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखे, शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किया जाये। त्यौहारों के दौरान प्रमुख स्थानों पर यातायात नियंत्रण हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी।

इसके साथ ही साथ त्यौहारों के दिन भी पुलिस कर्मी अपने क्षेत्र के अनुसार निर्धारित स्थलों पर उपस्थित रहेगें, जिससे की कोई घटना घटित न होने पाये। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की सम्भवना हो तो तत्काल प्रशासन को सूचित किया जाये।

## फसल बुवाई के समय दोबारा गहराया डीएपी और यूरिया खाद का संकट

**डीएपी उपलब्ध न होने पर भाकियू करेगी आंदोलन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गन्ना बुआई का समय चल रहा है ओर जनपद में डीएपी ओर यूरिया खाद का संकट गहरा गया है समय से आवश्यकता अनुरूप खाद डीएपी नहीं मिल रही है। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि फसल बुआई के समय जिला प्रशासन खाद डीएपी आवश्यकता अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं करा पाता है इस समय खाद की कालाबाजारी होती है जिस पर जिला प्रशासन जांच और कार्रवाही नहीं करता है। जल्द सप्ताह भर में खाद डीएपी आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध नहीं कराया गया तो भाकियू और जनपद के किसान जल्द आंदोलन को बाध्य होंगे और जिला मुख्यालय पर



आंदोलन करेंगे। इसके लिए किसान तैयार है किसान फसल बचाओ अभियान चलाते रहेंगे। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न हो रहा है।

# जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का हुआ निशुल्क टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गढ़ रोड स्थित फिजियो थैरेपिस्ट अस्पताल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डॉक्टर संगीता त्यागी ने नि:शुल्क टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया।



जिसमें जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए गए व आयरन कैल्शियम की दवाई, फोलिक एसिड, जिंक टैबलेट, ओआरएस, परिवार नियोजन के साधनों का वितरण, 16 वर्ष तक के बच्चों को आयरन की नीली गोली का वितरण किया गया। साथ ही बीसीजी, पेंटा, रोटा, पीसीबी, एफआई पीवी, डीपीटी, टीडी, एमआर व पोलियों की खुराक पिलाई गई और बुखार, एचआईवी एवं शुगर व सिफलिस टैस्ट किए गए व स्वास्थ्य विभाग की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# रक्त की हर एक बूंद बचाती है जीवन...

**विद्या में लगा रक्तदान शिविर, छात्रों ने लिया हिस्सा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बागपत रोड स्थित विद्या यूनिवर्सिटी में बुधवार को न्यूटिमा हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।




विद्या यूनिवर्सिटी के बीटा बिल्डिंग में गढ़ रोड स्थित न्यूटिमा हॉस्पिटल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्या यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. हिरेन दोषी ने फीता काटकर किया। सुबह 10 बजे से शिविर प्रारंभ होकर शाम पांच बजे तक लगाया गया। इस मौके पर प्रो. चांसलर विशाल जैन ने कहा कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में विद्या परिवार सदैव आगे रहा है और इसी क्रम में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त की हर एक बूंद किसी का जीवन बचाती है, इसलिए ही रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है। वाइस चांसलर डॉ. हिरेन दोषी ने आगे बढ़कर सबसे पहले रक्तदान कर सभी को इसके लिए प्रोत्साहित किया। न्यूटिमा हॉस्पिटल की ओर से ब्लडबैंक के प्रभारी चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार के साथ डॉ. अंशुमान शर्मा, अतुल शर्मा, नेहा, सादिया, राहुल नेगी एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही। डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि शाम तक 44 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें छात्राओं एवं महिला फैकल्टियों का भी योगदान रहा। इस अवसर पर निदेशक डॉ. अनीता कोटपाल, निदेशक डॉ. वसुधा शर्मा, कॉरपोरेट कनेक्ट एवं प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. नेहा दोषी, निदेशक डॉ. निशांत वर्मा, निदेशक डॉ. अश्विनी वशिष्ठ, फैकल्टी ऑफ लॉ. के डीन डॉ. अनिल शर्मा, एडमिशन सेल डायरेक्टर राहुल पाठक सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अपराधियों के खिलाफ जारी रखें कार्रवाई

**पुलिस अधीक्षक ने किया डिडौली कोतवाली का औचक निरीक्षण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार को डिडौली कोतवाली का निरीक्षण किया। पुलिसिंग से सीधे जुड़ी व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए माल मुकदमाती व लावारिस वाहनों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

एसपी ने थाना कार्यालय, हवालात, भोजनालय, बैरिक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व थाने की राजकीय संपत्ति अभिलेख का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद अपराध व त्योहार रजिस्टर पर नजर दौड़ाते हुए आगामी त्योहारों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही। मालखाने में शस्त्रों व दंगा नियंत्रण उपकरणों की स्थिति जांची। पुलिसकर्मियों से हथियार चलाने का रिहर्सल भी कराया। आखिर में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने तथा महिलाओं से संबंधित शिकायतों का निस्तारण जांच कर प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया।

इस दौरान सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्माचारी मौजूद रहे।



# अवैध रूप से संचालित ईट भट्टों पर रोक लगे

**शिकायतकर्ता ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बिना एनओसी प्रमाण पत्र द्वारा चलाये गये जा रहे ईट भट्टों पर रोक लगाये जाने की मांग को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। शिकायतकर्ता ने पर्यावरण संरक्षण व जीव जन्तुओं के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाये जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला लकड़ा निवासी राजीव पुत्र ओमकार ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को शिकायती पत्र सौंपा। उनका कहना है कि जिले में दो दर्जन से अधिक भट्टे बिना एनओसी प्रमाण पत्र के चलाये जा रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिजनौर की सहमति प्रमाण पत्र व खनन विभाग, विनिमय शुल्क के बिना लगभग 60 भट्टों का संचालन किया जा रहा है। हसनपुर सेंचुरी में मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र स्थित रश्मि ईट उद्योग पेलीतगा, सुबोध ईट उद्योग आजमपुर, चौधरी ईट उद्योग ततारपुर कैसरा, प्रजापति ईट उद्योग अहरौला तेजवन, लक्ष्मी ईट उद्योग चुचैला कलां आदि गांवों में करीब बीस भट्टे पिछले कई वर्षो से बिना एनओसी से संचालित किये जा रहे हैं। उनका आरोप है कि सत्तारूढ पार्टी के नेता अपनी जेब गर्म कर इन भट्टों का अवैध संचालन करा रही है।

# भाजपा नगर अध्यक्ष व बेटे पर जानलेवा हमला

**दिनभर तहसील में जुटे रहे भाजपाई, एक आरोपी का शांतिभंग में चालान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाजपा नगर अध्यक्ष व उनके बेटे पर जानलेवा हमला व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन नाम दर्ज व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जबकि एक युवक को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। एसडीएम के जमानत न देने पर उसे जेल भेज दिया गया। वहीं भाजपा नेता के साथ हुई घटना से तहसील परिसर में भी दिनभर भाजपाइयों का जमाबड़ा लगा रहा।

भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष व उनके पुत्र के साथ मारपीट की




जानकारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र होकर थाने पहुंच गए थे उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर तीन नाम दर्ज व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि एक युवक को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपाई तहसील पर एकत्र हुए और मंडलाध्यक्ष के साथ मारपीट करने वाले युवक को जेल भेजने की मांग करने लगे यहां भाजपाइयों का दिनभर जमाबड़ा लगा रहा। एसडीएम न्यायालय से शांति भंग के आरोपी को जमानत न मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल का आरोप है कि मंगलवार की रात वह अपने पुत्र के साथ अपने निर्माणाधीन मकान पर गए थे वहां पहले से ही घात लगाए बैठे सुनील त्यागी, आकाश त्यागी, सुधीर त्यागी व दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनपर व उनके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।

**NOTICE**

I **SALIM S/o KADEER AHMAD,** R/o VILLAGE POST IKLA RASOOLPUR TEHSIL-MAWANA, DISTRICT-MEERUT, UTTAR PRADESH-250406, I HAVE CHANGED MY NAME FROM **SALIM TO SALEEM** FOR ALL FUTURE PURPOSES.

# अवैध कॉलोनी पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम तिलपता करनवास में अधिसूचित एरिया पर अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल करते हुए प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को तिलपता करनवास में कार्रवाई की है। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के ग्राम तिलपता करनवास के खसरा संख्या 4 व 5 की लगभग 10 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अर्बन सिटी के नाम से अवैध कालोनी काटी जा रही थी।

प्राधिकरण की तरफ से कई बार इस पर रोक लगाई गई, लेकिन कालोनाजर चोरी-छिपे निर्माण करने की कोशिश कर रहे थे। बुधवार को महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह, एसडीएम जितेंद्र गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक और वर्क सर्किल दो के प्रभारी सन्नी यादव, वर्क सर्किल-3 के प्रभारी राजेश कुमार निम, वर्क सर्किल-1 के प्रभारी रतिक, प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा, बृजेन्द्र कुशवाहा व नितीश कुमार, सहायक प्रबंधक राजीव कुमार व अन्य स्टाफ के साथ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान डीसीपी पुलिस शक्ति मोहन अवस्थी, एसीपी बीएस वीर कुमार, सूरजपुर पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र शाहू अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्राधिकरण की टीम ने 08 जेसीबी और 4 डंपर की मदद से दो घंटे में कार्रवाई संपन्न की। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 22 करोड़ रुपये से अधिक होने का आकलन है।

एसीईओ प्रेरणा सिंह ने चेताया है कि तिलपता करनवास ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में है। प्राधिकरण की अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

# सोसाइटी को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने थमाया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अजनारा होम्स सोसायटी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और डीजल जनरेटर (डीजी) सेट की एनओसी नहीं मिलने पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने प्रबंधन को नोटिस जारी किया है।




बोर्ड की ओर से सात दिन में एनओसी दिखाने के लिए समय मांगा गया है। ऐसा नहीं होने पर जुर्माना कर कार्रवाई की जाएगी। बता दें अजनारा होम्स सोसायटी में स्थानीय लोगों की शिकायत पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड टीम ने तीन मार्च को निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसटीपी में ट्रीट किए जा रहे पानी के नमूने को लेकर जांच के लिए गाजियाबाद स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। सोसायटी में संचालित दो डीजी में चिमनी तो टावरों से ऊंची मिलीं लेकिन एक में कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग (सीएक्यूएम) के निर्देशानुसार गैस या बिना रेट्रोफिटेड के संच. ालित मिली।मौके पर प्रबंधन की टीम बोर्ड को एनओसी नहीं दिखा सकी। प्रदूषण बोर्ड की ओर से प्रबंधन को सात दिन में जवाब देने के लिए नोटिस जारी हुआ है। जवाब नहीं मिलने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

**प्राधिकरण ने लगाया था जुर्माना:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बीते सप्ताह सोसायटी में निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सोसायटी के बेसमेंट में जमा कचरे को ठीक से निस्तारित नहीं किया जा रहा था। प्राधिकरण ने प्रबंधन पर 100800 रुपये का जुर्माना किया था।

## कंटेनर चालक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की गई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाइक पर सवार होकर एक कंपनी में काम करने जा रहे युवक को एक अज्ञात कंटेनर चालक ने विपरीत दिशा से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना दादरी के प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मुनेंद्र पुत्र प्रीतम सिंह ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जनपद बुलंदशहर के रहने वाले। उनके अनुसार उनका भाई देवेंद्र कुमार 4 मार्च को 5 बजे के करीब अनमोल इंडस्ट्री लिमिटेड उद्योग विहार ग्रेटर नोएडा में काम करने के लिए मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकला था। पीड़ित के अनुसार ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के पास एक अज्ञात कंटेनर चालक ने विपरीत दिशा से वाहन चलाते हुए उसके भाई को टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस द्वारा उसे दादरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया ,वहां पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।बाइक पर सवार होकर एक कंपनी में काम करने जा रहे युवक को एक अज्ञात कंटेनर चालक ने विपरीत दिशा से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# काउंटी ग्रुप के ठिकानों पर आईटी की रेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** काउंटी ग्रुप और उससे जुड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठिकानों पर आईटी की रेड जारी है। बुधवार को नोएडा यूनिट की करीब 30 टीमें वेस्ट यूपी के अलग-अलग शहरों में काउंटी ग्रुप से जुड़े कॉरपोरेट ऑफिस में छापेमारी कर रही है।




माना जा रहा है कि सेल कंपनी के जरिए हेरफेर की गई है। कैश में ट्रांजैक्शन दिखा दिया गया है। काफी दिनों से कंपनी के अकाउंट पर आईटी की नजर थी। पुख्ता साक्ष्य और टैक्स में हेराफेरी की जानकारी मिलने पर सर्च कंडक्ट की गई। सर्च सुबह करीब आठ बजे एक साथ शुरू की गई। इसमें नोएडा के अलावा बाकी जगहों के विभाग से लॉजिस्टिक लिया गया है।

**नोएडा में तीन बड़े प्रोजेक्ट:** नोएडा में इसके तीन बड़े प्रोजेक्ट हैं। हालांकि इसमें किसी का भी मूल आवंटन काउंटी के नाम नहीं है। तीनों बड़े प्रोजेक्ट में ये को-डेवलपर है। इसमें फ्लैट बनाए और ब्रांडिंग की। इसमें नोएडा के सेक्टर-121 में क्लियो काउंटी इसका आवंटन आईवीआर सीएल के नाम पर है। इसी तरह सेक्टर-115 प्रोजेक्ट एंबियंस के नाम पर और सेक्टर-107 में ऐस के नाम पर आवंटित है।

तीनों में ही ये को-डेवलपर है। इसी तरह एक और आवंटन सेक्टर-151 शिरजा के नाम पर है। इसमें भी इसके शेयर है।

**कैश ट्रांजैक्शन की मिली जानकारी:** ग्रुप की ओर से फ्लैट की खरीदफरोख्त में कैश ट्रांजैक्शन किया गया। जिससे एक बड़े एमाउंट में ट्रैक्स के साथ हेराफेरी की गई। कोलकाता में शेल कंपनियां बनाकर पैसे को डायवर्ट किया गया। जिसके साक्ष्य इनकम टैक्स विभाग को मिले है।इन्ही साक्ष्यों के आधार पर ही टीम ने सर्च कंडक्ट की है। हालांकि कागजी दस्तावेजों और प्राधिकरण में कंपनी का बकाया नहीं है। यानी समय पर समय पर इसने पूरा पैसा जमा किया। मामला कैश ट्रांजैक्शन और डायवर्जन का है।

**कारपोरेट ऑफिस में सर्च:** कंपनी का सेक्टर-132 में कारपोरेट आफिस है। टीम ने लैपटॉप और अकाउंट से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला है। अब तक कई दस्तावेजों को कब्जे में लिया है। जिसके संबंध में पूछताछ की जा रही है। सर्च लंबी चलने की उम्मीद है। बहरहाल नोएडा , गाजियाबाद , मेरठ में भी इस सिलसिले में सर्च जारी है। कुल मिलाकर 30 लोकेशन बताई गई है। जिसमें 30 टीम काम कर रही है।

## एक नजर

### महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

**नोएडा।** पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्टे सोसाइटी के शिव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और मंदिर में पूजा अर्चना की। निवासी अमित कुमार ने बताया कि मंदिर में सभी भगवानों की मूर्ति स्थापित की जा रही है। पहले दिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर मंगल गीत गाए। गुरुवार को हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शाम को भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**नोएडा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का बुधवार को समापन हुआ। सात दिवसीय शिविर के पहले सत्र में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पहला स्थान द्विवेदी, दूसरा स्थान पिंकी सैनी और तीसरा स्थान कशिश शर्मा ने प्राप्त किया। शिविर के दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें गणेश वंदना, देश भक्ति नृत्य और देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ याचना त्यागी ने अपने सप्त दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप डॉ. डी के गुप्ता और प्रो. राजीव कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

### 150 करोड़ दांव पर लगा 18 हजार ने खेली किस्मत की लॉटरी

**नोएडा।** जिले में शराब की 501 दुकानों के लिए बृहस्पतिवार को ई लॉटरी निकाली जाएगी। दुकानों का आवंटन ई लॉटरी के माध्यम से होगा।

जिले में दुकान आवंटित कराने के लिए 18231 लोगों ने आवेदन किया है। आवेदन से सरकार को लगभग 150 करोड़ रुपये मिले हैं। लॉटरी 6 मार्च को शाम 4 बजे डीएम कार्यालय सूरजपुर में निकाली जाएगी। उम्ष्मीद जताई जा रही है लॉटरी के दौरान 4 हजार लोग मौजूद रहेंगे। इसे देखते हुए डीएम कार्यालय में सुरक्षा व्ष्यवस्था पुख्ता रहेगी। साथ ही पुलिस ने पार्किंग व यातायात व्ष्यवस्ष्था को देखते हुए आदेश जारी किए हैं। लॉटरी निकालने के दौरान प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार, डीएम मनीष कुमार वर्मा सहित अन्ष्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि 2 आवेदन निरस्त हुए थे। लॉटरी 18229 आवेदन के बीच निकाली जाएगी। जिले में देशी शराब की 234, कंपोजिट की 239, मॉडल शॉप की 27 व भांग की 1 दुकान के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी में जिन लोगों की दुकान निकलेगी उन्हें अगले 3 दिन में पूरा पैसा जमा कराना होगा।

### ट्रक से कुचलकर भाई की मौत और बहन घायल

**नोएडा।** नॉलेज पार्क क्षेत्र में विश्व भारती स्कूल के सामने बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार भाई-बहन को कुचल दिया। हादसे में भाई की मौत हो गई, जबकि बहन का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक घोड़ी बछेड़ा गांव के रहने वाले भाई-बहन गौरव रावल और हेमा मंगलवार को नॉलेज पार्क स्थित कॉलेज आए थे। दोनों कॉलेज से बाइक पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। विश्व भारती स्कूल के सामने एक बेक. ाबू ट्रक ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल भाई-बहन को नजदीक के एक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया, जबकि हेमा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। गौरव के चचेरे भाई कृष्ण ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली चोरी रोकने गई टीम पर हमला

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर क्षेत्र में बिजली चोरी की जांच करने गई टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। चूहड़पुर बांगर गांव में बुधवार को हुई इस घटना में बिजली विभाग के कर्मचारियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी।

भट्टा-पारसौल सबस्टेशन के जूनियर इंजीनियर संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम गांव पहुंची थी। गांव में कई लोगों पर बिजली का बकाया बिल था और कटिया लगाकर बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। टीम ने जब चेकिंग शुरू की और चोरी का वीडियो बनाकर अवैध कनेक्शन काटे, तभी ग्रामीण भीड़ के रूप में इकट्ठा हो गए।कर्मचारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। टीम ने तुरंत पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचते ही हमलावर भाग निकले।दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जेई की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही आरोपी ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करेगी।

# भीड़ वाले दिनों में रात में भी डिपो खोलने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** होली पर भीड़ वाले दिनों में नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो देर रात तक खोला जाएगा। यात्रियों को बसों की बेहतर सेवा देने के लिए यह फैसला किया गया। आम डिपो की अंतिम बस रात दस बजे निकल जाती है। अधिकारियों के अनुसार 11, 12 और 13 मार्च को सबसे ज्यादा भीड़ होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि 14 मार्च को होली है। होली के दो से तीन दिन पहले से अधिक भीड़ होने की संभावना है। ऐसे में दोनों डिपो से देर रात तक बसों की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बसों को पहले ही दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि अधिक समय तक रूट पर दौड़ने के कारण इनमें कोई समस्या पैदा न हो। आपातकालीन स्थित को छोड़कर चालक, परिचालक और कार्यशाला के कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से होली को लेकर दिशा-निर्देश का इंतजार है। एक से दो दिन में दिशा-निर्देश मिलने की संभावना है।

**पास स्थित शहरों के सबसे अधिक यात्री:** होली पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो की बसों में सबसे अधिक भीड़ होती है। दिल्ली, कौशांबी और साहिबाबाद में यात्रियों की भीड़ होने के कारण बड़ी संख्या में सवारी नोएडा डिपो की ओर रुख करती है। यहां पहले से ही भीड़ होने के कारण स्थिति और जटिल हो जाती है।

हालांकि, बसों के फेरे भीड़ के मुताबिक बढ़ा दिए जाते हैं। पास स्थित शहरों के लिए सबसे अधिक यात्री होने के कारण होली के एक दिन पहले सबसे ज्यादा यात्री यहां से निकलते हैं। इसमें नौकरीपेशा लोगों की संख्या सबसे ज्यादा रहती है। वहीं, अलग-अलग शहरों से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी होली से चार से पांच दिन पहले अपने-अपने गंतव्य के लिए निकल जाते हैं।

# वेयर हाउस के प्रबंधक पर धोखाधड़ी का केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 की कंपनी के प्रबंधन ने वेयर हाउस के प्रबंधक पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। आरोपी ने कंपनी के 277 चालान को वापस भेजकर नगद रुपये हालिस किए। कंपनी प्रबंधन की ओर से कोर्ट के आदेश पर सेक्टर-63 में थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। अशोक कुमार कुशवाहा ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया कि सेक्टर-63 में उनकी कंपनी है। कंपनी ने लैटिन अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में अविनाश त्रिपाठी की फरवरी 2021 से फरवरी 2023 तक प्रबंधक के पद पर शर्तों के साथ तैनाती की थी। कंपनी के धीरेंद्र कुमार ठाकुर ने ग्वाटेमाला जाकर ऑडिट किया था। अविनाश से वित्तीय वर्ष 2022-23 के देनदारों से संबंधित डाटा मांगा और इन्वेंटरी के लिए सत्यापन के लिए कहा। आरोपी ने कई बार टरकाया। ऑडिट प्रक्रिया में पता चला कि आरोपी ने जीओएम सिस्टम में निजी बाजार के 277 चालान रद्द किए हैं। इस रकम को नगद रूप में लेकर गबन किया है। जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक जीओएम सिस्टम के रिकॉर्ड में काफी खामियां पाई गईं। इसके बिल फाइल से हटा दिए गए। ग्राहकों ने अविनाश को नगद रकम देने की जानकारी दी। इस रकम को निजी बैंक खाते में रखा गया और निजी कार्यों में इस्तेमाल किया गया। यह जानकारी कंपनी प्रबंधन तक पहुंची तो आरोपी जून 2024 में कंपनी से भाग गया।

## स्कूल बस की टक्कर से महिला घायल

**नोएडा।** सेक्टर-34 में स्कूल बस ने महिला को टक्कर मार दी। घटना के समय महिला यूटर्न से जा रही थी। महिला के पति ने पुलिस से शिकायत की है। सेक्टर-51 निवासी परमेश्वर चौधरी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया कि उसकी पत्नी नीलम देवी मंगलवार सुबह 11 बजे सेक्टर-34 गई थी। सेक्टर-34 में यूटर्न पर जाते समय एक प्राइवेट स्कूल की बस ने उनकी पत्नी को टक्कर मार दी। उनकी पत्नी घायल होकर सड़क पर गिर गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलावस्था में उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस स्कूल बस को थाने लेकर पहुंची। आरोप है कि स्कूल बस के चालक ने घायल की मदद करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने थाने जाकर पुलिस को लिखित शिकायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# लाइसेंसी पिस्तौल से चली गोली, हादसे में दो भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर क्षेत्र के गांव दयानतपुर में रुपयों का तकादा करने पहुंचें लोगों से हुए विवाद में प्राइवेट पशु चिकित्सक की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चलने से चिकित्सक व उसका भाई घायल हो गये। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने दोनों भाइयों को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका उपचार जारी है।



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दयानतपुर गांव का विजेंद्र प्राइवेट पशु चिकित्सक का काम करता है। कुछ वर्ष पूर्व उसने मुआवजे के लालच में नंगला जहानू गांव में अपने दोस्त की जमीन में मकान बनाया था तथा वहीं रहना शुरू कर दिया था।एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिये चल रही विस्थापन की प्रक्रिया के तहत कुरैव के माजरा नंगला जहानू का विस्थापन प्रस्तावित है जिसके लिए गांव में परिसमपत्तियों के मूल्यांकन का काम पीडब्लूडी की टीम के द्वारा किया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि पशु चिकित्सक ने पीडब्लूडी की टीम में अपना परिचित होने का हवाला देते हुये परिसमपत्तियों का मूल्यांकन बढ़वाने का लालच देकर तथा कर्ज के रूप में नंगला जहानू व कुरैव के दर्जनों ग्रामीणों से लाखों रूपये ऐंठ लिये। परिसमपत्तियों का मूल्यांकन न बढ़ने पर ग्रामीणों ने अपने रूपये मांगने शुरू किये तो वह कुछ समय पहले अपने गांव दयानतपुर में आकर रहने लगा।बुधवार दोपहर को कुरैव व नंगला जहानू के कुछ लोग तकादा करने के लिये दयानतपुर पहुंच गये। वार्ता के दौरान आपसी कहासुनी व छीना झपटी में बिजेन्द्र की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चल गई। जो बिजेन्द्र के हाथ में लगकर पास में खड़े उसके भाई सोनू के पेट में घुस गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि बिजेन्द्र की लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली गोली से दोनों भाई घायल हुए हैं। अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# डंपिंग ग्राउंड में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 32 स्थित नोएडा प्राधिकरण के डंपिंग ग्राउंड में पड़े उद्यानिक कचरे में बुधवार दोपहर को एक बार फिर आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में धुआं का गुबार फैला रहा।

अग्निशमन विभाग की गाड़ियों से देर शाम तक आग बुझाना जारी रहा लेकिन अभी भी आग पूरी तरह से नहीं बुझ पाई। ग्रैप हटते ही आग लगने की घटना होने को संदिग्ध मानते हुए आग लगाए जाने की चर्चा है। उधर, अग्निशमन विभाग के पत्राचार करने पर भी प्राधिकरण चेता नहीं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि बुधवार दोपहर को सेक्टर 32 के डंपिंग ग्राउंड के उद्यानिक कचरे में आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल मौके पर कई गाड़ियों को



भेजा गया, आग को बुझाने का काम जारी है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड में पूरे शहरभर का उद्यानिक कचरा एकत्रित होता है। सूखे पत्ते आदि होने से आग लगने पर काबू पाना काफी मुश्किल होता है। विगत सालों में भी आग लगने की घटनाएं हो चुकी है। इस बाबत नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को चार बार पत्राचार किया जा चुका है। 15 दिन पहले भी पत्र लिखकर आग की संभावना और बचाव को लेकर ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया था लेकिन कोई पहल नहीं की गई है।

# बाइक सवारों ने दो लोगों से मोबाइल फोन छीने

**नोएडा।** शहर में अलग-अलग स्थानों से बाइक सवार बदमाश दो लोगों के मोबाइल फोन छीनकर ले गए। वारदात के समय पीड़ित पैदल अपने-अपने घर जा रहे थे। पीड़ितों ने संबंधित थाने में मुकदमे दर्ज कराए हैं। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। सेक्टर-12 निवासी डॉ. राकेश अरोरा ने थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि उनका बेटा भोपाल में नौकरी करता है। वह 24 फरवरी को आयोजित मैराथन में भाग लेने के लिए नोएडा आया था। वह ऑटो में बैठकर घर आ रहा था। वह जैसे ही ऑटो से उतरकर पैदल घर की तरफ चला तो पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबा. इल फोन छीन लिया। बेटे ने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़वाने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश भाग निकले। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

वहीं, 25 फुटा रोड निवासी अतुल कुमार सिंह ने थाना फेज-3 में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 12 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे कार्यालय से घर लौट रहे थे। वह किसी से मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी बीच सेक्टर-65 स्थित कोजेंट ई-सर्विस कंपनी के सामने बाइक सवार दो बदमाश आए और हाथ से मोबाइल फोन झपट ले गए। उन्होंने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़वाने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के बदमाशों और उनकी बाइक को ठीक से देख नहीं पाए। उन्होंने तीन बार ऑनलाइन एफआईआर की, लेकिन वह रिजेक्ट हो गई।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना जारचा क्षेत्र में पुलिस और एक इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी।घायल बदमाश की पहचान बुलंदशहर के सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के गेसुपुर गांव निवासी सागर (23) के रूप में हुई है।



जारचा थाना पुलिस तेल मिल के पास खेतों की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिया।पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। आरोपी ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश घायल हो गया।एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बदमाश से . 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। लाल रंग की ड्रीम युगा बाइक भी जब्त की गई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

# घर के सामने शराब पीने से मना करने पर महिला से मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-15 स्थित नया बांस गांव में महिला को घर के सामने दुकान पर शराब पी रहे लोगों का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपियों ने महिला के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि छेड़छाड़ कर कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर फेज-1 थाने में तीन नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र में दिया कि उनके घर के सामने धर्मेंद्र दुकान करता है। 24 जनवरी की रात 12 बजे उसके साथी अवधेश, गौतम और उनके तीन अज्ञात साथी शराब पी रहे थे। उन्होंने घर के सामने शराब पीने का विरोध किया तो आरोपी आग बबूला हो गए। आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उनको लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। यही नहीं, उनके साथ छेड़छाड़ भी की। तीन अज्ञात साथियों ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए। आरोपियों ने पीड़िता के सिर में डंडा मारकर लहूलुहान कर दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी का विरोध किया है।

बुधवार को दिए ज्ञापन में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा ईडी के दुरूउपयोग के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी दिल्ली में गिरफ्तारी की गई है। यह गिरफ्तारी न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है। बल्कि केन्द्र सरकार द्वारा असहमति की आवाज को



दबाने की तानाशाही प्रयास है। यह गिर फ्तारी पूरी तरह से राजनैतिक प्रतिशोध का परिणाम है। जिसमें झूठे आरोप लगाकर पार्टी और नेतृत्व को निशाना बनाया गया है। कहा कि एसडीपीआई हमेशा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के पक्ष में शांतिपूर्ण संघर्ष करती है। विशेष रूप से वक्फ संसोधन विधेयक के खिलाफ देशभर में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे लोकतांत्रित विरोध से घबराकर सरकार ने दमन का रास्ता अपनाया है। उान्होने अध्यक्ष की अविलंब रिहाई की मांग की। कहा कि केन्द्रीय एजेसियों के दुरूउपयोग पर रोक लगाई जाए। बदले की भावना से की जा रही कार्यवाही पर भी रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इसरार खान, जिला पंचायत सदस्य अजीम आदि मौजूद रहे।

# मस्जिदों में बढ़ रही भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को माहे रमजान के चौथे दिन खुदा की इबादत के लिए मस्जिदों में भारी भीड रही। रोजेदारों ने दिनभर रोजा रखा और देर शाम तराविह की नमाज अदा की। मुस्लिमों ने नमाज अदा कर खुदा से देश में अमन चौन कायम रखने की दुआ मांगी।

बुधवार को माहे-रमजान के चौथे दिन शहर के मौहल्ला पंसारियान नई बस्ती स्थित जेनिथ स्टार पब्लिक स्कूल में समाजसेवी एआर चौहान ने मुस्लिमों को संबो. धित करते हुए कहा कि र स ू ल - अ ल्ला ह सललल्लाहू-अलैही-वसल्लम ने फरमाया जो किसी रोजेदार का रोजा इफ्तार कराए तो उसको भी उसके बराबर सवाब मिलेगा और रोजेदार के सवाब में कमी भी नही होगी। कहा कि अल्लाह तआध्ला ने यह भी जिक्र



फरमाया कि मुसलमान बेहतरीन उम्मत हैं। जिनकी जिम्मेदारी नेकी का हुकुम देना और बुराई से रोकना है। अगर हम सही मायनों में बेहतरीन उम्मत बनना चाहते हैं, तो हमें भलाईयों का हुक्म देना और बुराइयों से रोकना चाहिए। कहा कि अगर मुसलमान सब्र और तकवे का रास्ता इख्ि्तयार करें तो काफिरों की कोई खघ्शी और नाराजगी उनको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकती। बताया कि खुदा ने जन्नती मोमिनों की यह सिफ्त बयान की है कि जब वो कोई छोटा या बड़ा गुनाह कर बैठते हैं, तो उन्हें तुरंत अल्लाह का खघैफ सताने लगता है और वह अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और हकीकत में अल्लाह के सिवा कौन हैं जो गुनाहों को माफ कर सकता है। खुदा ने विरासत के मसाईल को बड़े विस्तार के साथ बयान किया है और वारिसों के हिस्सों को खुद ही तय किया है और बाप की विरासत में बेटियों का भी हक मुकर्रर किया है। इससे पहले बाप की जायदाद भी बेटी का कोई हिस्सा नहीं होता था, बेटी को विरासत से बिल्कुल मेहघ्रूम रखा जाता था। विरासत की तक्घ्सीम में किसी भी हकदार का हक मारने वाले लोगों को अल्लाह ताला ने खघैफनाक अजाब को कहा है।

# किसानों ने लिया पैदल मार्च करने का निर्णय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन शामली की एक आपात बैठक गांव मुंडेट में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बाबा श्याम सिंह मलिक और संचालन अजय खाटीयान ने किया।

बुधवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक ने कहा कि आगामी 7 मार्च को भाजू कट से और कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च होने जा रहा है। जिसमें भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत मौजूद रहेंगे। कहा कि सभी कार्यकर्ता उक्त पैदल मार्च के लिए तैयारी कर ले। पैदल मार्च भाजू कट से 10 बजे शुरू होकर आदमपुर, कुड़ाना और सहटा से बाईपास होते हुए कलेक्ट्रेट प्रांगण में सभा के बाद खत्म होगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। कहा कि अधिक से अधिक किसानों पैदल मार्च में भाग ले। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक, सरदार पाले सिंह, सरदार साहब सिं,ह गौतम पंवार ,डा। उदयवीर, विदेश मलिक, जयवीर मुखिया, उपेंद्र, ऋषिपाल, बिल्लू राणा, आकाश तोमर आदि मौजूद रहे।

# स्टांप दरों में वृद्धि के विरोध में रजिस्ट्रार कार्यालय में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा जनपद शामली के 56 गांवों को अपने क्षेत्र में शामिल किए जाने के बाद स्टांप दरों में वृद्धि का विरोध करते हुए अधिवक्ताओं ने रजिस्टार कार्यालय में हंगामा करते हुए तालाबंदी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने रजिस्टार कार्यालय में कार्य बंद किए रखा। विकास प्राधिकारण एमडीए द्वारा जनपद शामली के 56 गांवों को अपने क्षेत्र में शामिल किया है। इससे स्टांप दरों में वृद्धि होने से जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं व स्टांप एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विरोध किया। उन्होने रजिस्टार कार्यालय में पहुंचकर कार्य बंद कराया और रजिस्टार कार्यालय में तालाबंदी की। अधिवक्ताओं का कहना है कि एमडीए द्वारा इन गांवों को अपने दायरे में लेने से स्टांप की दरों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे आम जनता और संपत्ति के



**शामली। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।**

मालिकों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस निर्णय को वापस लिया जाए और दरों को पहले जैसा रखा जाए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को शीघ्र हल नहीं किया गया, तो वे आगामी दिनों में और भी कड़े कदम उठा सकते हैं। इस विरोध के दौरान रजिस्टार कार्यालय में कामकाजी हालात प्रभावित रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट, संजीव कुमार, मनोज देशवाल एडवोकेट, सतेन्द्र शर्मा, रामफूल सिंह, सन्नी निर्वाल, प्रताप राठौर, सतीश चौहान, महेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध 20 ग्राम स्मैक व एक इलैक्ट्रोनिक काटा बरामद किया गया। बुधवार को एसपी रामसेवक गौतम के निर्देश पर चलाए गए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए थाना आदर्शमंडी पुलिस ने अभियान चलाया। चौकिंग के दौरान पुलिस ने इरशाद पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला गांधीनगर कस्बा बनत व आरिस उर्फ आची पुत्र नसीम अली निवासी मौहल्ला प्रेमनगर कस्बा बनत को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से अवैध 20 ग्राम स्मैक व एक इलैक्ट्रोनिक काटा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

# पूरण सिंह की रस्म तेरहवीं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** निर्वाल खाप के चौधरी धर्मवीर निर्वाल के पिता पूरण सिंह की रस्म तेरहवीं व शोक सभा हरदेव नगर स्थित उनके आवास पर संपन्न हुई। उनकी आत्मा की शांति के लिए सवेरे हवन यज्ञ कराया गया। जिसके मुख्य यजमान राजवीर निर्वाल रहे। यज्ञ में चौधरी धर्मवीर निर्वाल, चौधरी भालेराम निर्वाल, पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, बाबा श्याम सिंह, डा। सतेंद्र वर्मा, सवित मलिक, सतबीर मूंछ, विश्वेंद्र मालेंडी, सतेंद्र निर्वाल, बाबा चंद्रबली, नितिन वर्मा, अर्जुन सिंह, हर्ष निर्वाल आदि ने हवन में आहुति देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

हवन पंडित अखिलेश ने संपन्न कराया। हवन यज्ञ उपरांत शोकसभा आयोजित हुई,जिसमें गणमान्य लोगों ने पूरण सिंह के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की। चौधरी भालेराव निर्वाल व बाबा श्याम सिंह द्वारा चौधरी धर्मवीर निर्वाल को पगड़ी पहनाकर पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारी सौंपी।

# पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव फुलास अकबरपुर में तराबीह की नमाज के दौरान बच्चों के शोर मचाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद चले लाठी-डंडो में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों को नामजद करते हुए अज्ञात खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला भी दर्ज कर लिया। मोहम्मद हारुन ने कोतवाली में दी तहरीर में गांव के ही रईस, महताब, अंजार, फरमान और शाहबाज सहित अज्ञात के खिलाफ एक राय होकर वादी के परिजनों के साथ अभद्रता कर लाठी-डंडो से हमला करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर बुधवार को पीलर संख्या 22 के निकट से अंजार और उसके भाई फरमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो लाठियां भी बारामद की है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उवैस का परिवार उनके परिवार के साथ रंजिश रखता है। बताया कि नमाज के बाद जब वह लौग घर जा रहे थे तभी रास्तें में उवैस हमारे साथ अभद्रता करने लगा। जिसके बाद में घर आ गया। जिसके बाद घर वालो के साथ मिलकर उवैश के घर लाठी-डंडो एवं फरशे आदि लेकर पहुंच गए। जब उवैस पर फरशे से हमला किया तो वह बच गया लेकिन फरमान ने उवैश के सिर पर साथ में ली लाठी से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद हम वहां से भाग गए। कोतवाली प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि आरो. पियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## युवक पर हमला कर किया घायल

**देवबन्द।** नमाज पढ़कर घर लौट रहे युवक पर नकाबपोश युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मोहल्ला बेरून कोटला निवासी समीर मंगलवार की रात्रि तरावीह पढ़कर घर लौट रहा था। जब वह मोहल्ला किला स्थित कोतवाली के पास गली से गुजर रहा था। तभी पीछे से आए दो नकाबपोश युवकों ने उसे दबोच लिया और धारदार हथियार से उस पर हमला किया। सिर में चोट लगने से वह घायल हो गया। जानक. ारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की।

# खिलाड़ियों का होगा चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तमिलनाडू में आयोजित 13वीं नेशनल सिटिंग पैरा-वॉलीबाल चौंपियनशीप के लिए उप्र. की टीम का चयन नौ मार्च को देवबंद में आयोजित नेशनल कोचिंग शिविर में किया जाएगा। चयनित टीम 21 मार्च से 23 मार्च तक आयोजित चौंपियनशीप में प्रतिभाग करेगी।

पैरा-वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव डा. हिमांशु कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 40 प्रतिशत दिव्यांग महिला और पुरुष प्रतिभाग कर सकते हैं। बताया कि उप्र. के खिलाड़ियों के लिए कोचिंग एवं चयन शिविर नौ मार्च को देवबंद स्थित विष्णु मैमोरियल स्कूल में आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रदेश स्तरीय महिला एवं पुरुष टीम का चयन कर कोचिंग दी जाएगी। बताया कि नेशनल चौंपियनशीप तमिलनाडू के इरोड में खेली जाएगी।

## जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप

**देवबन्द।** जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी प्रार्थना पत्र दिया। हाशिमपुरा गांव निवासी साजिद और आशू समेत तीन लोगों ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्ष 2024 में गांव के ही एक व्यक्ति ने कुछ जमीन खरीदी थी। जिसका बैनामा भी कराया हुआ है। आरोप है अब उक्त व्यक्ति के ताऊ और चाचा जमीन को अपना बताते हुए उस पर अवैध रुप से कब्जा का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वहां निर्माण कार्य के लिए सामग्री भी मंगाई हुई है। साजिद और आशू ने उपजिलाधिकारी से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। एसडीएम का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# त्योहारों को मनाएं शांतिपूर्ण: सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच की आयोजित बैठक मोहल्ला कायस्थवादा में मंच कार्यालय पर हुई, जिसमें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने जनता से अपील की गई। इस अवसर पर चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा की होली का रंगों का त्यौहार है इसे आपस में प्यार मोहब्बत से मनाना चाहिए जो केमिकल के रंग हैं उनसे अपने आप व बच्चों को दूर रखना चाहिए ताकि त्वचा खराब ना हो।

चौधरी ने कहा की सरकार को गन्ने का भाव बढ़ा कर ध्700 करना चाहिए और रोहनना टोल प्लाजा पर सबसे ज्यादा टोल वसूला जाता है उसमें कटौती की जाए, 10 किलोमीटर तक के रहने वाले लोगों को टोल फ्री किया जाए। उन्होने कहा नगर में ई रिक्शा पर बाजार में प्रतिबंध लगाना चाहिए। अध्यक्षता रहतू लाल



त्याग ने की और संचालन अंग्रेश पवार ने किया। इस अवसर पर जयपाल धीमान, चेयरमैन कृष्ण पाल, चौधरी दिनेश ऋषि, डॉ सुरेंद्र पाल, राकेश भगत जी, शिवकुमार कश्यप, श्रीमती रेखा, सुखबीर कश्यप, खेमकरण कश्यप आदि सहित मंच सदस्य उपस्थित रहे।

# मुंबई पुलिस ने हीमपुर के दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

## 62 लाख के टेलीकॉम वायर को किया था चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाने पहुंची मुंबई पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो व्यक्तियों को चोरी के आरोपों में गिरफ्तार किया है। मुंबई के पनवेल थाना क्षेत्र में टेलीकॉम लाइन का लाखों रुपये कीमत का तार चोरी करने का इन शातिर चोरों पर आरोप लगा है।

मुंबई के पनवेल थाने से जनपद बिजनौर के हीमपुर दीपा थाने पहुंची मुंबई पुलिस ने जाल बिछा कर थाना क्षेत्र के ग्राम उमरीपीर निवासी इंतजार पुत्र बुनियाद अली व नौशाद पुत्र निसार को गिरफ्तार कर लिया । जिन्हें पुलिस हीमपुर दीपा थाने ले आई और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। मुंबई पुलिस ने शाह टाइम्स प्रतिनिधि परीक्षित गुप्ता से वार्ता में बताया कि मुंबई के पनवेल थाना क्षेत्रान्तर्गत 21 जनवरी 2025 को एक टेलीकॉम



कंपनी का 62 लाख रुपये कीमत का करीब 483 मीटर तार चोरी हुआ था, जिसके संबंध में 24 जनवरी 2025 को एफआईआर दर्ज की गई थी । सीसीटीवी की मदद और जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर 6 लोगों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है और उन्हीं की निशानदेही पर नौशाद व इंतजार निवासीगण उमरीपीर थानां हीमपुर दीपा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि इस गिरोह में करीब डेढ़ दर्जन अभियुक्त शामिल है। मुंबई में ऐसी कई चोरियां हुई है। फिलहाल 62 लाख की इस चोरी में अभियुक्त हत्थे चढ़े है, जिसके आधार पर अन्य चोरियाँ भी अब आसानी से खुल जाएगी। इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में हीमपुर दीपा पुलिस के एसआई महेंद्र सिंह नागर व प्रकाशवीर सहित मुंबई पुलिस टीम से शरद बरकड़े, अभय सिंदे, सचिन गंवत, प्रताप देसाई सहित कुल 10 असिस्टेंट पुलिस इन्स्पेक्टर शामिल रहे।

# पुलिस पार्टी पर फायर करने के मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं का कटान के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना प्रभारी नजीबाबाद द्वारा गैंग लीडर फरमान पुत्र अकबर निवासी मौहल्ला कुरैशियान जलालाबाद, गैंग सदस्यगण शकील पुत्र छोटे व नसीम पुत्र महमूद निवासीगण मौहल्ला सानियान कस्बा साहनपुर थाना नजीबाबाद द्वारा भौतिक/ आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित पशुओं का कटान करने के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर लोक व्यवस्था छिन्न-भिन्न करने के संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण शकील व नसीम को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई इलम सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल मन्नू राणा, कांस्टेबल सुनील कसाना शामिल रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

**नजीबाबाद।** नगर के बुंदकी मार्ग पर आज सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम पुरुषोत्तमपुर निवासी उषा अपने पति भूरे के साथ बाइक पर सवार होकर कही जा रही थी। बुंदकी मार्ग पर अचानक एक स्विफट कार की टक्कर से महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक महिला का शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।

# दिशा में वित्तीय जागरूकता वेबिनार




## वित्तीय योजना के महत्व पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स द्वारा आयोजित वित्तीय जागरूकता वेबिनार का शुभारम्भ ग्रुप के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल रजिस्ट्रार राजीव कुमार अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई द्वारा बड़े ही उत्साह एवं हर्ष के साथ किया गया।

दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स् ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के सहयोग से एक वित्तीय जागरूकता वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सेबी (SEBI) स्मार्ट ट्रेनर सीए (CA) वैभव झावेर ने छात्रों को बचत, निवेश रणनीतियों, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और मुद्रास्फीति के प्रभाव पर मार्गदर्शन किया। सत्र में छात्रों और संकाय की सक्रिय भागीदारी के साथ प्रारंभिक निवेश और वित्तीय योजना के महत्व पर जोर दिया गया।

यह आयोजन छात्रों के बीच वित्तीय साक्षरता और स्मार्ट निवेश निर्णयों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. समीर अहमद (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख), बृजनेश सिसौदिया (प्रबंधन विभाग प्रमुख) तथा फैकल्टी सदस्यों डा. एकता मलिक, विवेक कुमार, नाजिश, निधि चौहान, राजेश कुमार, एवं सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट ने गन्ना मूल्य 500 प्रति कुंतल कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।

कार्यकर्ताओं ने नायब तहस. ीलदार विजय वीर सिंह को सौंपे ज्ञापन में किसानों एवं मजदूरों से संबंधित विभिन्न मांगों की समस्या समाधान कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में गन्ना मूल्य पर पुन: विचार कर 500 रूपए प्रति कुंतल कराने, गन्ने की सूखी फसल का मुआवजा दिलाए जाने, विद्युत विभाग में लंबित शिकायतों का तत्काल समाधान कराने, चीनी मिलों द्वारा गन्ने की नई प्रजाति का बीज उचित दाम पर दिलाने, तहसील में दाखिल खारिज के नाम पर अवैध वसूली तत्काल बंद कराने, हिंसक एवं गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ने आदि की मांग की।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष विनीत कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तुलन, कुलदीप कुमार, प्रहलाद, विपिन, नीरज चाहल आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र संजय को उसके गलत आचरण के कारण अपने परिवारिक संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे में मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा

जोधसिंह

पुत्र स्वर्गीय कबूल सिंह निवासी ग्राम तलेड़ी खुर्द तहसील देवबंद जिला सहारनपुर

### रमजान मुबारक



**छठा रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.17 |
| | शिया | 5.19 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.24 |
| | शिया | 6.38 |

जिसने तुम्हारे लिए जमीन का बिछौना और आसमान को छत बनाया और आसमान से पानी बरसाया फिर उसी ने तुम्हारे खाने के लिए बाज फल पैदा किए बस किसी को अल्लाह का हमसर न बनाओ।

कुरआन करीम

# न्यूनतम करना होगा सड़क हादसों का आंकड़ा: अटल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने मंडल में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपस में समन्वय बनाकर सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को हर हाल में न्यूनतम करना होगा।

मंडलायुक्त श्री राय आज सर्किट हाउस सभागार में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नो हेलमेट, नो फ्यूल को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाए। कार्यालयों में नो हेलमेट नो एंट्री का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने वाहन चालकों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से भी समय-समय पर नेत्र परीक्षण करवाए जाने के लिए कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों के समय से उपचार पर बल देते हुए कहा कि ऐसे स्थलों पर एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिए। पुलिस उप महा निरीक्षक अजय कुमार साहनी ने निर्देश दिए कि सड़क किनारे कहीं पर भी अवैध अतिक्रमण न हो। ढाबों एवं सड़क के किनारे वाहन पार्किंग न हो। कृषक बंधुओं से संवाद कर ट्रैक्टर-ट्राली सहित अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं।



सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में मोटरगाडी अधिनियम के अन्तर्गत परमिट संख्या 417 के हस्तान्तरण प्रार्थना पत्र पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली की डीसीआरबी रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण को आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मुजफ्फरनगर नरेन्द्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शामली प्रमानंद झा, उप परिवहन आयुक्त मेरठ परिक्षेत्र हरिशंकर सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन देवमणि भारतीय, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन वी. के. सिंह सहित परिवहन, रोडवेज, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# एमएलसी शाहनवाज ने सदन में उठाया डा.अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैलाशपुर के बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा सदन में उठाते हुए सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने इस दिशा में समुचित कदम उठाये जाने की मांग की। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्क की स्थिति सुधारने के निर्देश दिये।

सदन में एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि कैलाशपुर में बनाये गये बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क के वन विभाग ने गेट बंद कर दिये है और वहां पर पकडी गई लकडियों को रखा गया है। पार्क में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है, बेंच और अन्य सुविधाएं खराब हो गई हैं। वहां पर घास जमा पड़ा है।



शाहनवाज खान ने इस मामले में भाजपा सरकार की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि पार्क की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने सदन में मांग करते हुए कि सरकार पार्क की रख-रखाव की व्यवस्था में तत्काल परिवर्तन करे ताकि पार्क का सौन्दर्यकरण बना रहे।

## गरीब कन्या के विवाह में की मदद

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाते हुए कन्या के विवाह में धनराशि कपड़े व अन्य सामान देकर सहायता की।

संस्था की ओर से कन्या की माता को संस्था कार्यालय पर बुलाकर चेक तथा अन्य वस्तुएं प्रदान की गई तथा कन्या के सफल वैवाहिक जीवन की शुरुआत करने हेतु वरिष्ठ नागरिकों की ओर से ढेरों शुभकामनाएं दी गई। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा तथा महासचिव अनिल तलूजा द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान करने हेतु नियंत्रण प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कन्या की माता जी को सहायता हेतु कुछ धनराशि तथा कंबल, क्रोकरी आदि प्रदान किए हैं।

# सिख समाज ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जताया विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऋषिकेश में सिख समाज के रणजीत सिंह पर हमले और रंगदारी की घटना को लेकर श्री गुरु सिंह सभा ने कलैक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

सभा के पदाधिकारियों और सिख संगत ने ज्ञापन में लगातार हो रहे हमलों की निंदा करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। जनरल सेक्रेटरी अमनप्रीत सिंह, गुरु तेग बहादुर स्कूल के प्रबंधक सतविंदर सिंह मांकन और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो सिख समाज बड़ा आंदोलन करेगा। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ही मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो भारत का सर्व सिख समाज एक बड़ी पंचायत करने का आवाहन करेगा।

इस मौके पर प्रभजोत सिंह, इंदरप्रीत सिंह, इंदरजीत सिंह खालसा, सुरेंद्र मोहन चावला, जसवंत बत्रा, हरेंद्र सिंह चड्ढा, डिंपल सिंह चड्ढा, गुरविंदर सिंह बजाज, हरनीत सिंह प्रिंस, शंटी सरदार, चरणप्रीत सिंह, दीदार सिंह सेठी, चवप्रीत सिंह बत्रा आदि मौजूद रहे।

# बेनीवाल बने बसपा के नेशनल कोर्डिनेटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, समर्पित भावना और संगठन को मजबूती देने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले जनपद निवासी एवं विभिन्न राज्यों के प्रभारी रणधीर बेनीवाल को बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंप दी है। उनके साथ राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को भी नेशनल कोऑर्डिनेटर का दायित्व सौंपा गया है। दोनों नेशनल कोऑर्डिनेटर सुश्री मायावती के दिशा निर्देशन में पूरे देश में संगठन का काम देखेंगे पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

नगर पालिका के सभासद पद से बसपा में राजनीतिक जीवन की शुरुआत जेजे पुरम निवासी रणधीर बेनीवाल की पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनैतिक रही है। मूल रूप से कस्बा नकुड के गांव लुण्डी में जन्मे रणधीर बेनीवाल के पिता फूलसिंह भी अपने गांव में वर्षों प्रधान रहे हैं और वर्ष 1990 में रणधीर बेनीवाल सहारनपुर आ गए थे। यही रहकर उन्होंने बसपा में अपनी राजनीति की शुरूआत वर्ष 2006 में नगर पालिका परिषद के वार्ड 3 से सभासद का चुनाव जीत कर की। वर्ष 2008 में जिला योजना समिति के सदस्य बने, 2014 में जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। उनकी कार्य शैली को देखते हुए उन्हें बसपा में वर्ष 2016 में सहारनपुर और मेरठ मंडल का भाईचारा कमेटी का प्रभारी बनाया गया। अपनी कार्य शैली और राजनीतिक कुशलता के बल पर



पार्टी में अपना अत्यधिक विश्वास कायम करने के फलस्वरुप बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने उन्हें 14 जून 2018 को पंजाब का प्रभारी बनाया था और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें हरियाणा हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली राज्य की भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

इसी कड़ी में नगर निगम बनने के पश्चात वार्ड 3 से फिर उनकी पुत्रवधू पार्षद पद पर निर्वाचित हुयी थी। रणधीर बेनीवाल शुरू से ही बसपा के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं जिसके फलस्वरुप वह बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती के विश्वास पात्रों में रहे हैं और उनके काफी नजदीकी

**नगर पालिका सभासद पद से शुरू किया था बसपा में सियासी सफर**

माने जाते हैं। उनकी मेहनत एवं कार्यकुशलता का फल उन्हें इन पदों से सुशोभित पर मिल रहा है। नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए गए रणधीर बेनीवाल ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने जो उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है, उसे पर वह हरसंभव कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी और साथियों के सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करेंगे और बहुजन समाज पार्टी को अत्यधिक मजबूत बनाने का काम किया जाएगा।

श्री बनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दिया जाना पूरे सहारनपुर के लिए गौरव की बात है।

# प्रधान सहायकों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट ने सेवानिवृत्त हुये प्रधान सहायक अरविन्द कुमार गुप्ता एवं मदन पाल सिंह को भावभीनी विदाई दी गई।

सिचाई परिसर मे स्थित संघ भवन मे आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष देवेंद्र गुसाई व मुकेश शर्मा ने विदाई के सुंदर गीत प्रस्तुत किये। अरुण कुमार एवं अरविन्द कुमार ने आयोजको का आभार व्यक्त करते हुये सेवा निवृत होने वाले साथियो की लम्बी आयु की प्रार्थना ईश्वर से करते हुये हमेशा स्वस्थ रहने के भी कुछ लाभ साझा किये।

विदाई समारोह मे रामलाल डबराल, गोरखनाथ सैनी, राजेश कुमार, राजकुमार शर्मा, आंनद बिरला, मोती यादव, सचिन मित्तल, राजेंद्र राणा, विपिन कुमार, शेर सिंह, राजन कुमार, विपिन त्यागी, सुमित शर्मा, विनोद कुमार, आलोक गोयल, प्रवेश कुमार, विकास कुमार आदि संघ से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता रमेश कुमार व संचालन तरुण भोला द्वारा किया गया।

# नगर में अपराध नियंत्रण को बनें नए थाने: गुंबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधायक राजीव गुम्बर ने महानगर में नए थाने बनाये जाने का मुद्दा विधानसभा में उठाया।



विधायक राजीव गुम्बर ने आज विधानसभा में कहा कि नगर के वर्तमान थाना-देहात कोतवाली, थाना-सदर बाजार, थाना-जनकपुरी, थाना-कुतुबशेर एवं थाना-मण्डी के भौगोलिक स्थिति एक दूसरे के थानाक्षेत्रों में सम्मिलित हो गयी है जिस कारण से थानाक्षेत्र की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में इन थानों का परिसीमन कर थानाक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले स्थान स्पष्ट रूप से व्याखित किये जाने आवश्यक है तथा इस थाना क्षेत्रों में आबादी का काफी तेजी से विस्तार हुआ है। थाना एवं उनकी चौकियों में काफी दूरी है जिस कारण से कानूनी कार्यवाही में भी अड़चन आती है। थाना कोतवाली सदर अन्तर्गत चौकी हसनपुर एवं थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत पुलिस चौकी शेखपुरा कदीम का क्षेत्र बहुत अधिक बढ़ गया है जिससे अपराध के त्वरित नियंत्रण में कठिनाईयां आ रही है।

# एसडीए अफसरों पर हो कार्रवाई: निम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने विधानसभा में अवैध कालोनियों के बारे में गलत जानकारी देने वाले प्राधिकरण अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।



सदन में विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि सहारनपुर दिल्ली रोड से टपरी बाईपास पर लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग के दोनों और किसी भी स्थायी निर्माण व भवन निर्माण पर रोक लगाये जाने के बोर्ड लगाये गये है। इस मार्ग के दोनों ओर बिना किसी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति लिए बिना मानक के अवैध कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है। सम्बन्धित अधिकारियों की मिलीभगत से इस प्रकार की अवैध कालोनियां सहारनपुर मास्टर प्लान के विपरीत काटी जा रही है जिससे मास्टर प्लान के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों में निकट समय में काफी बाधा उत्पन्न होगी। अपने अनुचित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी ऐसी अवैध व अनियमित कालोनियों के विरुद्ध समय रहते कोई कार्यवाही नहीं करते है जिससे बाद में ऐसी कालोनियों से काफी समस्याएं उत्पन्न होती है। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि उनके द्वारा द्वारा 18.दिसंबर 2024 को यह विषय उठाया गया था जिसमें सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा सदन को गुमराह व भ्रमित करने के उद्देश्य से कार्यवाही की गयी। उक्त मार्ग पर 40-50 की संख्या में अवैध कालोनियों का निर्माण अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है जिसमें से कुछ कालोनियां जैसे मल्हीपुर रोड पर फाटक से पहले 60 बीघे आम के बाग में अवैध कालोनी व दुकाने बनायी जा रही है।

## कीर्तन का आयोजन

**सहारनपुर।** वैश्य अग्र महिला समिति द्वारा मार्च माह की बैठक का आयोजन होली के रंग कान्हा के संग कीर्तन के रूप में किया गया।

आवास विकास स्थित श्री हरि मंदिर प्रांगण में महोत्सव का शुभारंभ कान्हा दरबार में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कीर्तन भजन के रूप में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रिंपी ने कृष्णजी एवं पूजा जैन ने राधा जी बनकर सुंदर रासलीला प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मौजूद सभी ने फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में कुछ बहनों ने बहुत सुंदर-सुंदर भजन गाकर एवं नृत्य करके प्रांगण को वृंदावन ही बना दिया।

अग्रवाल समाज की सभी समितियों से आयी पदाधिकारियों को पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक संजय गर्ग की पत्नी श्रीमती पूनम गर्ग कार्यक्रम की अतिथि रही।

# सफाई कर्मचारी आयोग सचिव को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अति दलित हिताय सामाजिक संस्था ने सफाई कर्मचारी आयोग की सचिव सुषमा गौंडियाल से मिलकर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष संजय ढींगरा एडवोकेट के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि सफाई कर्मचारी व वाल्मीकि समाज के गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा का जो कोटा है, उसमें अलग से व्यवस्था कराकर उनको एडमिशन कराया जाये ताकि सफाई कर्मचारियों व वाल्मीकि समाज के बच्चो को अच्छी शिक्षा मिल सके। सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के लिए ईपीपीएफ ईएसआईसी का पूरा भुगतान ठेकेदार व विभाग द्वारा दिलाना चाहिए अन्य कोई भुगतान सफाई कर्मचारियों पर नहीं लगा होना चाहिए जिससे उसे पूरा भुगतान मिल सके। इसके अलावा नगर निगम व नगरपालिकाओं में ड्राइवर, माली, चपरासी व अल्प अशिक्षित लोगों के लिए नगर निगम व नगर पालिकाओ में कोटा निर्धारित कर अलग से नियुक्ति प्रदान करने तथा ठेका कर्मचारियो के परिजनों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने वाल्मीकि समाज को गौशाला के निकट पार्क को विवाह व अन्य प्रयोजन के लिए आवंटित करने की स्वीकृति भी प्रदान की गयी।

प्रतिनिधिमंडल में महेन्द्र लाल प्रेमी, सुशील प्रेमी, सीता देवी, रजनीश, रिचिन, धर्मेन्द्र, सुरेश, राकेश, अर्जुन, रमेश, अजय, राजीव आदि शामिल रहे।

# करोड़ों के बजट पर जताई सहमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चीनी मिल में डीएम की अध्यक्षता में नवनिर्माण के लिए करोड़ों रुपए के बजट पर सहमति जताई गई तथा किसान हितों तथा मिल में भंडारण क्षमता बढ़ाने पर विचार विमर्श किया

बैठक में मुख्य रूप से किसानों द्वारा लाए जा रहे गन्ना वाहनो को हो रही असुविधा के लिए केन यार्ड में दो ट्राली लाइन तथा एक हिच बुग्गी लाइन के लिए सीसी रोड का निर्माण कांटा संख्या 1 व 2 पर आर सीसी फर्श निर्माण तथा चीनी गौदाम संख्या 11 से बायलर संख्या 4 व 5 हेतु बने ऐश पोड़ पर आर सी सी सड़क निर्माण कार्य जिससे किसानों को लाभ होगा तथा चीनी भंडारण के लिए एक लाख कुतंल का गौदाम बनाने आदि कार्यों पर सहमति बनी। इस अवसर पर उपसभापति रविन्द्र पुंडीर, सचिव जय प्रकाश, संचालक विनोद कुमार, सुमन, अरविंदर सिंह, नवाब सिंह, अरूण कुमार, संजयवीर राणा, दल सिंह, प्रदीप राणा, जयपाल सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## लाभांवित किए जा चुके 800 किसान: मनीष

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा उत्पादन में शामिल करके उनकी आय को बढ़ाना है। कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में सोलर पंप स्थापित करने, सोलर पावर प्लांट लगाने और भूमि पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पीएम कुसुम योजना के माध्यम से किसान न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कुसुम योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से सशक्त बनाना, किसानों की आय में वृद्धि करना और पर्यावरण को संरक्षित करना है। जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार जनपद में इस योजना के तहत 800 कृषकों को लाभान्वित किया जा चुका है।



















# स्टीव स्मिथ ने लिया एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

न्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के एकदिवसीय विश्वकप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कलमस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने स्मिथ के बयान को जारी किया। स्मिथ ने अपने बयान में कहा कि वनडे में उनकी बेहतरीन यात्रा रही

**■ टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं: स्टीव स्मिथ**

है और मैंने खेल के हर एक क्षण भरपूर आनंद लिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादों में दो विश्वकप भी शामिल हैं। अब युवा खिलाड़ियों के लिए 2027 के विश्व. कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं। इसके बाद सर्दियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ और इंग्लैंड के साथ घरेलू सीरीजी है। टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए अभी मेरे अंदर बहुत क्रिकेट शेष है। स्मिथ ने 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ लेग स्पिन ऑलराउंडर के रूप में पदार्पण किया था और उन्होंने 170 एकदिवसीय मैचों में 43-28 की औसत से 5800 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने 34-67 की औसत से 28 विकेट भी लिए हैं।

स्मिथ ने 2015 में लगातार पांच बार 50 से अधिक स्कोर बनाया था, इसमें सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 105 रनों की पारी भी शामिल थी। फाइनल में स्मिथ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 56 रनों की पारी खेलते हुए विजयी शॉट भी लगाया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना कीवीयों से

**लाहौर, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां कीवियों का सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया।

न्यूजीलैंड ने 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्द्धशतक बनाए। कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र (108), केन विलियमसन (102) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में

**■ कीवियों ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया, रचिन-विलियम्सन के शतक**

**■ लुंगी एनगिडी को तीन विकेट मिले और रबाड़ा ने भी दो विकेट चटकाए**

मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य दिया। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। आठवें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने विल यंग (21) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने रचिन रविंद्र के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी हुई। रचिन ने 32वें ओवर की पहली गेंद पर दो रन लेकर अपना पांचवां एकदिवसीय शतक बनाया। 33वें ओवर में कगिसो रबाडा ने रचिन रविंद्र को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र ने 101 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (108) रनों की पारी खेली।


रचिन रविंद्र 108


केन विलियमसन 102

● रचिन रवींद्र ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड ●

## आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके सबसे कम पारियों में किया कारनामा

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाया। रचिन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 108 रनों की पारी खेली। इस शतक के साथ ही उन्होंने एक ऐसा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जो कि रोहित-विराट जैसे दिग्गजों के बस की बात भी नहीं रही। दरअसल रचिन रवींद्र आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके हैं और ये कारनामा उन्होंने सबसे कम पारियों में किया है। रचिन रवींद्र ने महज 13 पारियों में 5 शतक लगाए हैं। बड़ी बात ये है कि उनके वनडे करियर में भी पांच ही शतक हैं और ये सभी उन्होंने वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में लगाए हैं। वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने 3 शतक लगाए थे और अब चैंपियंस ट्रॉफी में इस बल्लेबाज ने 2 शतक ठोक दिए। 30 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा आईसीसी वनडे शतक सिर्फ सचिन और रचिन ने ही बनाए हैं। दोनों ने 5-5 शतक लगाए थे।

# वरुण ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे

● आईसीसी वनडे रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया के गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में देश दुनिया केएक, दो या 50 नहीं पूरे 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ा है, जो कि अपने आप में बड़ी बात है। वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है, मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं। वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है।

भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है। दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया। वरुण चक्रवर्ती ने चैंपिंयस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं। इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं। उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं। मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं। अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने



टॉप 100 में एंट्री ले ली है। वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पाइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं। साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबा. जों की लिस्ट में टॉप 10 में भारत से सिर्फ कुलदीप यादव हैं। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ताजा रैंकिंग में 3 स्थान गिरकर छठे नंबर पर आ गए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शन का इनाम मिला है। वो आईसीसी की ताजा रैंकिंग में 3 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रवींद्र जडेजा 13वें नंबर पर बरकरार हैं। वहीं मोहम्मद सिराज 2 स्थान गिरकर 14वें नंबर पर आ गए हैं।

# मांडविया ने स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 49 सदस्यीय भारतीय दल को दी बधाई

**■ तीस एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर दी बधाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को इटली के ट्यूरिन शहर में आठ मार्च से शुरु होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में शामिल होने वाले 49 सदस्यीय भारतीय दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित भव्य विदाई समारोह में डा- मांडविया ने ट्यूरिन में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस समारोह में विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निद.शक डॉ वीके महेंद्रू उपस्थित थे। इस दौरान गणमान्य लोगों ने भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं दीं और वैश्विक मंच पर सफलता



हासिल कर देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार होने के लिए उनका हौसला-अफजाई की। इटली में आठ मार्च से 15 मार्च तक होने वाले विशेष ओलंपिक विंटर वर्ल्ड गेम्स में भारतीय दल के 30 खिलाड़ी छह खेल विधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में इस बार 102 देशों के 1500 एथलीट आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। समारोह के अंत में एथलीटों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें सौभाग्य के प्रतीक के रूप में पारंपरिक हिमाचली ऊनी कपड़े भेंट की गयी।

**खेल विशेष**

## कुछ लोगों को हमेशा होती है शिकायत करने की आदत:गंभीर

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के एक ही पिच पर खेल कर अनुचित लाभ लेने को लेकर हो रही चर्चा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोगों को हमेशा शिकायत करने की आदत होती है।

गंभीर ने पिच की परिस्थितयों के सवाल के जवाब में कहा कि यह हमारे लिए उतना ही सामान्य मैदान है, जितना किसी और टीम के लिए। हमने यहां नहीं खेला है। मुझे याद नहीं कि हम आखिरी बार यहां कब खेले थे। और सच कहूं तो हमने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। योजना यह थी कि अगर आप 15 खिलाड़ियों की टीम में दो मुख्य स्पिनर चुनते हैं, तो चाहे हम पाकिस्तान में या कहीं भी खेलते, हम दो मुख्य स्पिनर ही चुनते क्योंकि यह उपमहाद्वीप में होने वाला टूर्नामेंट था। उन्होंने कहा कि इसलिए ऐसा नहीं है कि हम स्पिनरों का जाल बिछाना चाहते थे। अगर आप देखें तो हमने पहले दो मैचों में केवल एक मुख्य स्पिनर को खिलाया। हमने इस मैच और पिछले मैच में दो मुख्य स्पिनर खिलाए। जहां तक 'अनुचित लाभ' की बात है इसके बारे में बहुत बहस हो रही है।

## रग्बी इंडिया ने किया रग्बी प्रीमियर लीग लोगो का अनावरण


**मुंबई, वार्ता।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ और जीएमआर स्पोर्ट्स ने पहले रग्बी प्रीमियर लीग के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। भारत में रग्बी के नए युग की शुरुआत हो गई है। फैंचाइजी-आधारित रग्बी 7एस लीग का शुभारंभ 2025 में होगा। इस लीग में छह शहर-आधारित टीमें भाग लेंगी। लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ और शीर्ष रग्बी खेलने वाले देशों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे। इस अवसर पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने लोगो के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि रग्बी 7एस अविश्वसनीय गति, शानदार कौशल और अद्भुत शक्ति का खेल है। रग्बी प्रीमियर लीग इसे भारत में एक नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी। यह लोगो लीग की ऊर्जा, गतिशीलता और उच्च- ऑक्टेन एक्शन को दर्शाता है। जीएमआर स्पोर्ट्स के अनुभव और सभी हितधारकों के समर्थन के साथ, हम भारतीय रग्बी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए तैयार हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी सुजॉय गांगुली ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग के लोगो का अनावरण भारतीय रग्बी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# कोहली की बैटिंग के बीच सो गई अनुष्का

**दुबई, वार्ता।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल विराट कोहली ने 84 रनों की पारी से मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं।

अब उनके सोने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। भारतीय टीम के इस अहम मैच में विराट को सपोर्ट करने के लिए उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सोती हुई दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि विराट की बैटिंग देखते-देखते उन्हें नींद आ गई थी। भारत की बैटिंग के दौरान 15वें ओवर के बाद ब्रेक के समय कैमरामैन ने अनुष्का शर्मा को सोते हुए दिखाया था। कोहली इस दौरान 28 गेंद में 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस लिहाज से देखा जाए तो वह थोड़ी धीमी बैटिंग कर रहे थे। लेकिन हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि उन्हें विराट की बैटिंग की वजह से ही नींद आई थी। हालांकि, विराट की धीमी की पारी की बात करें तो इस तरह की बल्लेबाजी के पीछे भी एक बड़ी वजह थी। दरअसल, पावरप्ले में ही दो विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम थोड़ी दबाव में आ गई थी। तब भारत को मैच में पकड़ बनाने के लिए विकेट बचाने के साथ एक साझेदारी की जरूरत थी। अनुष्का का एक और वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें विराट जीत के बाद उनके सामने जश्न मनाते हुए दिख रहे हैं।

# टीम इंडिया ने अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया: गौतम गंभीर



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है। रोहित एंड कंपनी अभी तक इस टूर्नामेंट में अजेय है। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि अभी तक उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया है। उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में भारत से सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिलेगा। भारत ने मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया था। इस मैच में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली थी। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, श्अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।श उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पाएगी। उन्होंने कहा, श्अभी हमें एक मैच और खेलना है।

# रैंकिंग में भी चमके विराट, अय्यर को भी फायदा

**■ ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष-10 में चार भारतीयों का दबदबा है, गिल पहले स्थान पर**

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है।

वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले ह" ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए। विराट कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था। वहीं, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जादरान को इंग्लैंड के खिलाफ 177 रनों की शानदार पारी खेलने का फायदा हुआ है।

वह 13 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए। आलराउंडर्स की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल को तगड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थानों के फायदे के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में रवींद्र जडेजा के अलावा कोई मौजूद नहीं है। वह नौवें पायदान पर 213 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ बने हुए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई दो स्थानों के फायदे के साथ शीर्ष आलराउंडर बन गए हैं। उन्हें दो स्थानों का लाभ हुआ है।



# टैरिफ से फायदा या नुकयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा ने दुनिया भर के बाजारों में हलचल मचा दी है। इससे भारत को नुकसान होगा या फायदा हो सकता है, इसके लिए भारत को हर हाल में तैयार रहना होगा। क्या यह फैसला भारत के लिए गोल्डन चांस भी साबित हो सकता है, अगर इस पर नजर दौड़ाई जाए, तो अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आयात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) लगाने से भारतीय निर्यातकों को नए अवसर मिलने की संभावना है। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चीन पर टैरिफ बढ़ाया था, तब भारत उन चार शीर्ष देशों में शामिल था, जिन्हें इसका सीधा फायदा हुआ था। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो यह अमेरिका के साथ बेहतर व्यापार समझौता यानी ट्रेड डील हासिल कर सकता है और यूएस मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत बना सकता है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध भारत के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। इससे न सिर्फ भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित हो सकती हैं। इसके अलावा, चीन पर लगाए गए उच्च टैरिफ से भारत को अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को और मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में चीन, मैक्सिको और कनाडा के प्रोडक्ट महंगे होने से भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए नए मौके बन सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत और चीन से आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे इन देशों से अमेरिका को होने वाला निर्यात महंगा हो जाएगा, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता घटेगी। इसका सीधा फायदा भारत को मिल सकता है, क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट्स इसकी तुलना में सस्ते होंगे और अमेरिकी बाजार में अपनी जगह मजबूत कर सकते हैं। खासतौर पर इन सेक्टर्स को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत और चीन के लिए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है, लेकिन अगर भारत एक फेवरएबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल कर लेता है, तो यह अमे. रिका में अपने व्यापार का दायरा बढ़ा सकता है। यदि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होता है, तो अमेरिकी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगा सकती हैं। इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। चीन, मैक्सिको और कनाडा के महंगे सामान के मुकाबले भारतीय प्रोडक्ट कम कीमत और अच्छी क्वालिटी के कारण ज्यादा बिक सकते हैं। लेकिन घरेलू भारत को अपने घरेलू उद्योगों और किसानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। यदि भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल करता है और अपने एक्सपोर्ट सेक्टर को मजबूत करता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। हालांकि, भारत को सही रणनीति अपनाने और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

## भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा



**उत्तर** प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है , सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है, इनका काम ही नाम बदलना है, इन्हे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है,अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है, सम्भल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी।

**शिवपाल सिंह**
**महासचिव, समाजवादी पार्टी**

# त्रिभाषा नीति के पालन में आने वाली चुनौतियां


> भारत में भाषा शिक्षा को लेकर चर्चा अभी भी जारी है, तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति के प्रति कड़ा विरोध भाषाई पहचान और केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण चिंताओं को उजागर करता है, वास्तविक शैक्षिक सुधार के लिए भाषा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना आवश्यक है न कि केवल नीतिगत ढांचों पर ध्यान केंद्रित करना, केंद्र और राज्य के बीच सकारात्मक बातचीत और व्यावहारिक समझौता ही आगे का सबसे अच्छा रास्ता है, आपातकाल के दौरान शिक्षा को समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिसका अर्थ है कि यह एक संयुक्त जिम्मेदारी है




**प्रियंका सौरभ**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषाई विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रि-भाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफ़ी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों की चिंताएँ कथित भाषाई प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर ज़ोर देती हैं। त्रि-भाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषाई परिकृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। बहुभाषिकता को अपनाने से न केवल संज्ञानात्मक क्षमताएं, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समग्र शैक्षणिक सफलता भी बढ़ती है।

अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अक्सर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएं भारत की मूल भाषाएं हों, जिससे देश की भाषाई विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। भारत की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाई परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।







हालांकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियां उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी 2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है।

इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठ्‌क्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय दलों का प्रतिरोध भाषा नीतियों को अपनाने में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में राजनीतिक समूह अक्सर इन नीतियों को अपने स्थानीय शासन में घुसपैठ के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विरोध होता है। कई ग्रामीण छात्रों को दूसरी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे तीसरी भाषा सीखने की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण बिहार में 40 प्रतिशत छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी अन्य भाषाएँ सीखने की क्षमता में बाधा आती है। राज्य हिन्दी की अपेक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हैं, जिससे केंद्रीय नीतियों के साथ उनका सम्बंध टूट जाता है। पश्चिम बंगाल में बंगाली-अंग्रेजी शिक्षा पर अधिक ज़ोर दिया जाता है तथा अनिवार्य हिन्दी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित राज्यों में, अक्सर भाषा शिक्षकों, संसाधनों और डिजिटल भाषा प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक धन की कमी होती है। पूर्वोत्तर भारत में तीसरी भाषा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की कमी से प्रभावी नीति कार्यान्वयन में बाधा आती है। राज्यों के लिए एक मानकीकृत त्रि-भाषा नीति का पालन करने की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा चुनने की स्वतंत्रता होना अधिक लाभदायक होगा। उदाहरण के लिए, कर्नाटक सरकार हिन्दी लागू करने के बजाय कन्नड़, अंग्रेज़ी और विद्यार्थी की पसंद की भाषा पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, ई-लर्निंग संसाधनों का विकास करना, तथा भाषा अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना स्थिति में काफ़ी सुधार ला सकता है।

आंध्र प्रदेश में डिजिटल भाषा प्रयोगशालाएं पहले से ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थानीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रगति कर रही हैं। छात्रवृत्ति, कैरियर प्रोत्साहन और व्यावहारिक भाषा प्रशिक्षण की पेशकश से छात्रों को स्वेच्छा से अतिरिक्त भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यूजीसी संस्कृत, पाली और फारसी में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे भाषाई विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र सरकार को भाषा नीति पर चर्चा में राज्यों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। संयुक्त शिक्षा समिति की स्थापना से राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक आवाज़ मिल सकेगी। मूल समस्या, शिक्षा में भाषा मानक और शिक्षण गुणवत्ता में गिरावट। कोचिंग सेंटरों ने विज्ञान और गणित में बढ़त ले ली है, तथा भाषा शिक्षा को पीछे छोड़ दिया है। यद्यपि कई सरकारी स्कूलों में अंग्रेज़ी एक अनिवार्य विषय बन गया है, फिर भी प्रवीणता का स्तर निराशा. जनक रूप से निम्न बना हुआ है।

शिक्षकों का सीमित अंग्रेज़ी कौशल सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई पर प्रभाव डालता है, जैसा कि आंध्र प्रदेश में अंग्रेज़ी माध्यम की शिक्षा की ओर बदलाव से स्पष्ट है। हिन्दी के लिए भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है, इस भाषा में शिक्षण स्तर का भी उतना ही अभाव है। हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को अक्सर सक्रिय शिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण के बजाय मात्र सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, पढ़ने की आदतों में गिरावट भाषा शिक्षा के क्षेत्र में अधिक महत्त्वपूर्ण चुनौतियों की ओर इशारा करती है। स्कूलों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है, जिससे अंततः दीर्घकालिक भाषा कौशल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत की विविधता में एकता बनाए रखने के लिए एक समेकित भाषाई ढांचा तैयार करना आवश्यक है। भाषा के चयन में लचीलापन प्रदान करना, शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाना, तथा क्षेत्रीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देना कार्यान्वयन सम्बंधी बाधाओं को दूर करने में सहायक हो सकता है। अनुवाद और डिजिटल शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग भाषाई विभाजन को प्रभावी ढंग से पाट सकता है।

# रोजाना सुबह 2 भीगे हुए अंजीर खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

अंजीर को अंग्रेजी में फिग कहते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसके सेवन से हमारे शरीर में कई फायदे होते हैं। अंजीर में कई मुख्य पोषक तत्व होते हैं। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, अंजीर में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, आयरन, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन एल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखता है। भिगोकर अंजीर के सेवन करने से बॉडी को मिलते ये फायदे।

### डायबिटीज नियंत्रित रखना

अंजीर का सेवन करने से डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। रात के समय 3-4 अंजीर भिगोकर रख दें, इसके बाद रोजाना सुबह इसके सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

### हीमोग्लोबिन बढ़ता है

अंजीर एक अमृत फल है इसमें कई सारे पोषक तत्व पाएं जाते है। अंजीर में आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना खाली पेट भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अंजीर को आप दूध के साथ भी खा सकते हैं।

### कैंसर से लड़ता है

अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। प्रतिदिन सुबह भीगे हुए अंजीर के सेवन से खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है।



### हड्डियां मजबूत होती हैं

अंजीर में कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत करता है और सूजन को भी कम करता है। भीगे हुए अंजीर खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी।

### पाचन तंत्र बेहतर होता है

अगर आप रोजाना भीगे हुए अंजीर का सेवन करते हैं तो पाचन संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से आंतों को पोषण मिलता है। क्योंकि इसमें घुलनशील फाइहर से भरपूर अंजीर पेट को साफ करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। आंतों की सेहत को दुरुस्त करने में अंजीर बेहद फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत पाने के लिए खाली पेट 2 से 3 सूखे अंजीर का सेवन करें।

> अंजीर के सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं, अंजीर स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जाना जाता है इस लेख में हम आपको बजाएंगे अंजीर खाने के फायदे क्या होते हैं, इसे आहार में शामिल करना काफी जरूरी है

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

## रेस्पिरेस्टरी इश्यूज में लाभकारी माना जाता है तुलसी का सेवन

वैसे तो हम सभी के घर में तुलसी का पौधा होता है। वहीं तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है और हर कोई इसको इस्तेमाल करता है। वैसे तो लोग हर मौसम में तुलसी का सेवन करते हैं, लेकिन ठंड के मौसम में इसका इस्तेमाल विशेष रूप से किया जाता है। क्योंकि ठंड के मौसम में जिद्दी खांसी से लेकर कंजेशन जैसी कई तरह की सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रेस्पिरेटरी हेल्थ इश्यूज को दूर करने में तुलसी बहुत कारगर मानी जाती है।

संक्रमण से लड़ने से लेकर बलगम को साफ करने तक में तुलसी कई तरह से लाभकारी मानी गई है। तुलसी में एंटी-ऑक्सिडेंट, एसेंशियल ऑयल और कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। जो रेस्पिरेटरी सिस्टम को बेहतर रखते हैं। ऐसे में आप तुलसी को अपनी डाइट में कई तरीके से शामिल कर सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिल सकता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेस्पिरेटरी इश्यूज को दूर करने में तुलसी किस तरह से फायदेमंद हो सकती है।

# वन्यजीव संरक्षण: परिस्थितिकीय तंत्र का बनाए रखना जरूरी



**योगेश कुमार गोयल**

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।

वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती



### विलुप्ति की ओर बढ़ते वन्यजीव

पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंत. ुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरुद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया।

> लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं

# केमिकल रंगों से रहें दूर, होली के लिए फूलों से बनाएं 5 हर्बल रंग

## कलर के साथ चेहरा भी खिलेगा



होली हर्षोल्लास, रंग और जश्न का फेस्टिवल है। इस त्योहार के दौरान मौज-मस्ती और स्वादिष्ट व्यंजन खाते हैं। होली के दिन एक-दूसरे को प्यार से रंग लगाकर सारे गिले-शिकवे भुलाकर इस पर्व को जश्न मनाते हैं। अगर आप भी इस बार सुरक्षित और केमिकल फ्री वाली होली मनाना चाहते हैं, तो आप मार्केट में मिलने वाले नकली और केमिकल रंगों की जगह घर पर ही फूलों से प्राकृतिक रंग बना सकते हैं। ऑर्गेनिक गुलाल बनाना बेहद ही आसान है।

### होली पर फलों से बनाएं गुलाल...

1. **पीला रंग:-** आपके घर में या फिर नर्सरी में फूलों का बहार जरुर होगी। आपके घर में गेंदे के फूलों का इस्तेमाल करके पीला रंग बना सकते हैं। पीला रंग बनाने के लिए पानी में थोड़ी सी हल्दी डालकर गेंदे के फूल को उबा लें। होली खेलने के लिए आपका पीला रंग तैयार है।
2. **नीला रंग:-** नीला रंग बनाने के लिए आप अपराजिता के फूलों का यूज कर सकते हैं। इसके लिए अपराजिता के फूल को 3 से 4 दिन पहले धूप में सुखा लें और इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को पानी में घोलकर होली के लिए नीला रंग बना सकते हैं।
3. **गुलाबी रंग का गुलाल:-** गुलाबी रंग बनाने के लिए आपको गुलाब के फूलों को पानी में उबालकर उनसे गुलाबी रंग तैयार कर लें। इस रंग को बनाने के लिए उसमें अरारोट मिलाएं। जब यह सूख जाएगा, तो गुलाबी रंग का गुलाल तैयार होगा।
4. **केसरिया रंग:-** होली के लिए पलाश और गेंदे के फूल से आप केसरिया रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आपको 100 ग्राम पलाश के सूखे फूल एक बाल्टी में पानी उबालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर अलग कर दें। केसरिया रंग बनकर तैयार है।
5. **लाल रंग का गुलाल** होली के लिए आप बुरांस और गुड़हल के फूलों से लाल रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आप बुरांस और गुड़हल के सूखे फूलों को पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप पानी वाला रंग बनाना चाहते हैं, तो इस रंग को पानी में मिलाकर हर्बल रंग तैयार हो जाएगा।



# चीन ने दी ट्रम्प को खुली चुनौती

## अमेरिका युद्ध चाहता है, तो अंत तक लड़ेंगे

- कहा: फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है
- मेक्सिको-कनाडा के माल पर अमेरिकी शुल्क संबंधों के लिए निराशाजनक: मेक्सिको

**वाशिंगटन/बीजिंग/मेक्सिको सिटी।** चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में चीन के दूतावास ने अमेरिका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाए जाने के संदर्भ में अमेरिका के निर्णय की आलोचना की थी। प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा, फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है। इसी बीच मेक्सिको की कंपनियों के एक बड़े संगठन (कोपरमेक्स) ने अमेरिका की ओर से मेक्सिको और कनाडा के माल पर 25 प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने के निर्णय को उसके साथ संबंधों की दृष्टि से निराशाजनक बताया है। कोपरमेक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम उत्तरी अमेरिका के तीन देशों, अमेरिका-मेक्सिको- कनाडा के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) के सिद्धांतों के खिलाफ है। मेक्सिको की कंपनियों के इस संगठन ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई से उसके साथ व्यापार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है और इसका असर मेक्सिको की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कोपरमेक्स को डर है कि अमेरिकी बाजार में मेक्सिको का निर्यात प्रभावित होने पर मेक्सिको में मंदी पैदा हो सकती है और अमे. रिकी डालर के मुकाबले उसकी मुद्रा पेसो की विनिमय दर गिर सकती है तथा कंपनियों की उत्पादन लागत भी बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है कि फरवरी में, ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद इन दोनों देशों के खिलाफ शुल्क लगाने का निर्णय एक महीने के लिए स्थगित कर दिया था। ट्रम्प ने अब कहा है कि इन देनों देशों के खिलाफ अमेरिका की प्रशुल्क योजना पहले की घोषणा के अनुसार लागू होंगे, क्योंकि इन देनों ने कोई अनुकूल कदम नहीं उठाया है।

# ट्रम्प को मिला जेलेंस्की का पत्र, कहा: यूक्रेन फिर से वार्ता को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसमें स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए वार्ता में फिर से शामिल होने के लिए यूक्रेन की तत्परता व्यक्त की गई है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज पहले, मुझे यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से एक महत्वपूर्ण पत्र मिला। पत्र में लिखा है, यूक्रेन स्थाई शांति लाने के लिए जितनी जल्दी हो सके बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नही चाहता मेरी टीम और मैं स्थाई शांति पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की मदद के लिए वाशिगटन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ट्रंप ने पत्र का हवाला देते हुए कहा, खनिज और सुरक्षा पर समझौते के संबंध में यूक्रेन आपके लिए सुविधाजनक किसी भी समय इस पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। मैं सराहना करता हूं कि उन्होंने यह पत्र भेजा। अभी कुछ देर पहले ही मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्होंने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है।

# हूती का दावा: अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया

**अदन, यमन/रामल्लाह।** यमन के हूती विद्रोहियों की सेना ने घोषणा की कि उन्होंने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 टोही ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक दिया है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि होदेइदाह प्रांत में यमनी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने और शत्रुतापूर्ण अभियान चलानेह के दौरान ड्रोन को मार गिराया गया। सरिया ने कहा कि यह हूती बलों द्वारा वादा किए गए मुक्ति और पवित्र जिहाद की चल रही लड़ाई के दौरान निष्क्रिय किया गया यह 15वां विमान है, जिसे वे गाजा और लेबनान का समर्थन करने वाला अभियान बताते हैं। हूती दावे के संबंध में अमेरिकी सैन्य या राजनयिक स्रोतों से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती समूह ने पहले इज़रायल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन के रूप में लाल सागर में इज़रायल से जुड़े जहाजों को लक्षित किया है। वहीं इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के दौरान एक वरिष्ठ क़सम ब्रिगेड कमांडर और एक अन्य फ़लस्तीनी को मार डाला। फ़लस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े सुदृढीकरण द्वारा समर्थित इज़रायली बलों ने जेनिन के पूर्वी पड़ोस में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया। जिसके बाद वहां हिसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप आयसर अल-सादी और एक अन्य युवक की मौत हो गई। हमास ने आयसर की मौत पर शोक व्यक्त किया और इज़रायल पर जमीन पर प्रतिरोध का सामना करने में विफल रहने के बाद हत्याओं का सहारा लेने का आरोप लगाया। एक बयान में इजरायली सेना ने आयसर की हत्या की पुष्टि की और आरोप लगाया कि वह इजरायली ठिकानों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार था। बयान में यह भी दावा किया गया कि मारा गया दूसरा फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली बलों के लिए खतरा था। सेना ने इस बात पर जोर दिया कि जेनिन में आतंकवादी तत्वों के रूप में वर्णित लोगों को पकड़ने के लिए सैन्य अभियान जारी रहेगा।

# संरा दूत ने सीरिया में इज़रायल की सैन्य वृद्धि की निंदा की


**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र विशेष दूत ने सीरिया में हवाई हमलों सहित इजरायल की सैन्य वृद्धि की कड़ी निंदा करने के साथ ही उल्लंघनों को रो. कने और संघर्ष को तेज करने से परहेज करने का आह्वान किया। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने एक बयान में चेतावनी दी। पहले से ही नाजुक स्थिति को अस्थिर करने, क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के प्रमुख सिद्धांतों के अनुरूप तनाव कम करने और स्थाई राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में प्रयासों को कमजोर करने का जोखिम है।

# ढाका जाने वाली कतर फ्लाइट की आपात लैंडिंग



**हैदराबाद।** दोहा से ढाका जा रहे कतर एयरवेज के विमान को बुधवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आपातकालीन लैंडिग करनी पड़ी, क्योंकि विमान में एक महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई थी। हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार, दोहा से बंगलादेश के ढाका जाने वाली उड़ान संख्या क्यूआर 642 में सवार एक महिला यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिग की मांग की। संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद एटीसी ने चालक दल को अनुमति प्रदान की जिसके बाद विमान सुबह 3-25 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरा। विमान उतरने पर महिला को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में 3-42 बजे विमान ढाका के लिए रवाना हुआ। यात्री की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# बिना चीरफाड़ बढ़ते कैंसर पर रहेगी नजर



**यरुशलम।** इजरायल के शोधकर्ताओं ने इंसान के शरीर के कैंसर के फैलाव के स्तर को पता लगाने के लिए नई विधि टोमोग्राफी विकसित की है जिसके माध्यम से ऊतकों में गहरी आणविक प्रक्रियाओं पर बिना चीरफाड़ नजर रखा जा सकेगा।

इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (टेक्नियन) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस विधि को रासायनिक टोमोग्राफी कहा जाता है, जो शोधकर्ताओं को विभिन्न चरणों में कैंसर की प्रगति को ट्रैक करने, कैंसर जीव विज्ञान को बेहतर ढंग से समझने और कैंसर के फैलाव में शामिल जैव रासायनिक मार्गों, चयापचय मार्करों और आणविक प्रक्रियाओं का मानचित्रण करने की अनुमति देता है। यह विधि ग्राफीन-आधारित सेंसर सारणी का उपयोग करके सांस, लार, पसीने और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का विश्लेषण करके ऊतक कार्य में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जिसमें ग्राफीन सेंसर आंख के रूप में कार्य करते हैं और डेटा को संसाधित करने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्गेनोइड्स और थ्री डी सेल-आधारित मॉडल में संरचनात्मक और आणविक परिवर्तनों की निरंतर निगरानी की अनुमति देता है (जो प्राकृतिक ऊतकों की विशेषताओं को दोहराते हैं), जो जैव चिकित्सा अनुसंधान में महत्वपूर्ण हैं। मौजूदा तकनीकों के विपरीत (जो अक्सर ऊतकों को नुकसान पहुंचाती हैं या गहरी ऊतक प्रक्रियाओं की निगरानी करने में विफल रहती हैं) यह विधि कम लागत वाली, सटीक और बिना चीरफाड़ वाला समाधान प्रदान करती है।

# आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाएंगे भारत-ब्रिटेन

**जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात**

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया। लैमी के साथ अपनी मुलाकात पर उन्होंने लिखा, शेवेनिंग हाउस में इस बेहद गर्मजोशी से स्वागत के लिए विदेश सचिव डेविड लैमी को धन्यवाद।

जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
द्वितीय युवा महोत्सव-2025
(03 - 08 मार्च 2025)
के अंतर्गत आयोजित
अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
06 मार्च 2025 गुरुवार, सायं 7 बजे से
गरिमामयी आतिथ्य
मुख्य अतिथि: श्री कंवर सिंह तंवर जी, माननीय सांसद, अमरोहा
सान्निध्य विशेष: डॉ. हरि सिंह ढिल्लो जी, माननीय सदस्य विधान परिषद, उ.प्र.
विशिष्ट अतिथि: श्रीमती शशि जैन जी, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद, अमरोहा
आमंत्रित कविगण
• डॉ. अनामिका अंबर • डॉ. प्रतीक गुप्ता
• सौरभ जैन 'सुमन' • गौरव गुप्ता
• सरदार प्रताप फौजदार
डॉ. अनामिका अंबर
-: विनम्र निवेदन :-
श्रीमंत/श्रेया! इस पावमानी वेला में आपकी उपस्थिति सानुरोध प्रार्थनीय है। धन्यवाद।
भवनिष्ठ
संजय मालीवाल, प्रधान, प्रबंध समिति
योगेश कुमार जैन, मंत्री, प्रबंध समिति
प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षो का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow; 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur; S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala ,MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow; 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.); D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर) NEET-PMT/JEE-IIT/CUET नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt.; S/O DR.SHAHID AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD,THANABHAWAN,MZN; 2016 Amjad Med. Coll. SRE; S/O MD. ISLAM AHMED
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut; Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli
2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur; 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria; D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.; 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur; D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108